卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 55 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦2 दिसम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

KJ KUMAON JEWELLERS
TRUSTED TRADE
50% Off On Making Charges
100% Hallmarked HUID Jewellery Showroom
Bhotia Parao, Near Taxi Stand Nainital Road, Haldwani
Unchapul, Near Devashray Colony, Haldwani
Opp. P.A.C. Gate No. 2 Near ICICI Bank Rudrapur (U.S Nagar) Uttarakhand
Near Soban Singh Jeena Base Hospita, Haldwani Uttaranchal Trade Centre, Tikonia, Haldwani
Ph.: 9759290502, 8791172502
E-mail.: verma.sanjeev9759@gmail.com

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## विवादों में घिरा भाजपा अनुसूचित मोर्चा का सम्मेलन

### महाविद्यालय में परीक्षा के बीच आयोजित हुआ सम्मेलन,उठे सवाल

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। यहां एमबीपीजी महाविद्यालय सभागार में आयोजित भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा कुमांऊ संभाग का सम्मेलन विवादों में घिर गया। कालेज में एक तरफ परीक्षा थी तो दूसरी तरफ सम्मेलन चल रहा था। जिसे लेकर सवाल उठने लगे। सम्मेलन में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर मंथन किया गया। इस दौरान भाजपा वक्ताओं ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा का परचम लहराने में अनुसूचित मोर्चा अहम भूमिका निभायेगा। वक्ताओं ने कहा कि भाजपा सरकार सभी वर्गों की



हितैषी है। अनुसूचित वर्ग के हित भाजपा सरकार में ही सुरक्षित है। भाजपा सरकार अनुसूचित समाज के लिए तमाम योजनाएं चला रही है जिससे आज निम्न वर्ग के जीवन स्तर में सुधार हो रहा है। कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह बिष्ट, अजय टम्टा, फकीर राम टम्टा, प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा समीर आर्य, विधायक राम सिंह कैड़ा, डॉ. जोगिंदर रौतेला, जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, विधायक सरिता आर्या, जिला महामंत्री रंजन सिंह, संजीव कुंवर, अजय राजौर सहित कई वरिष्ठ भाजपा नेता मौजूद थे।

## धारा 144 का खुला उल्लंघन,भड़के छात्र

हल्द्वानी। खुद को अनुशसित बताने वाली भाजपा ने आज महाविद्यालय में कानून को भी ताकत पर रख दिया। महाविद्यालय में परीक्षा के चलते धारा 144 लागू होने के बावजूद यहां सम्मेलन आयोजित किया गया लेकिन कालेज प्रशासन ने इस पर जरा भी ऐतराज नहीं किया। महाविद्यालय में परीक्षा के दौरान सम्मेलन आयोजित करने पर कालेज के छात्र भड़क उठे। उन्होंने हंगामा करते हुए आयोजन का विरोध किया। छात्रों ने




एमबीपीजी कॉलेज के प्राचार्य के समक्ष अपनी बात रखते हुए कहा कि आज कुमाऊं विश्वविद्यालय द्वारा प्रथम सेमेस्टर का पेपर आयोजित किया जा रहा है और कॉलेज परिसर के अंदर धारा 144 लागू है, लेकिन (शेष पृष्ठ सात पर)

## चौकीदार को टुकड़ों में काटा,कातिल गिरफ्तार

### जसपुर के फाइव स्टार ईंट भट्ठे पर करता था नौकरी

काशीपुर(उद संवाददाता)। ईंट भट्ठे पर काम करने वाली चौकीदार की



सनसनीखेज तरीके से की गई हत्या ने पुलिस के तमाम दावों की पोल खोल दी। मृतक गुरुवार की रात्रि लगभग 2:30 बजे से बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता था। शुक्रवार की शाम उसका तीन टुकड़ों में क्षत-विक्षत शव उसी भट्ठे पर मिला जहां वह काफी समय से चौकीदारी किया करता था। बेहद शातिराना अंदाज में की गई हत्या से जहां क्षेत्र में लोगों के बीच भय का माहौल व्याप्त है वहीं पुलिस भी घटना को लेकर पशोपेश में है। फिलहाल आज मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे पुलिस द्वारा परिजनों को सौंप दिया गया। जानकारी के मुताबिक जनपद बिजनौर उत्तर प्रदेश के तहसील धामपुर स्थित गांव मंधोरा निवासी 50 वर्षीय हरपाल सिंह पुत्र उम्मेद सिंह जसपुर स्थित धर्मपुर चौराहे के समीप फाइव स्टार नामक ईंट भट्ठे पर बतौर चौकीदार (शेष पृष्ठ सात पर)

### भट्ठा परिसर में लगती थी नशेड़ियों की जमघट

काशीपुर। चौकीदार की धारदार हथियार से की गई हत्या ने पुलिस के समक्ष तमाम सवाल खड़े कर दिए हैं। चर्चा है कि पकड़े गए कलुआ नामक युवक से शराब के नशे में गाली-गलौज होने के बाद उसने घटना को अंजाम दिया लेकिन सूत्रों की माने तो भट्ठा मालिक शहजाद कि गलत नीतियों के कारण पिछले कुछ समय से भट्ठा परिसर में अपराधी तत्वों एवं नशेड़ियों की जमघट लगा करती थी। लेकिन काबिले गौर बात यह है कि शराब के नशे में हुई झड़प के कारण इस तरीके से हत्या का किया जाना किसी के गले नहीं उतर रहा है।

## घर में चल रहे देह व्यापार का किया भंडाफोड़

### संचालिका एवं तीन महिलाओं सहित छह पकड़े

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने गंगापुर रोड फुलसुंगी स्थित एक घर में चल रहे देह व्यापार का भंडाफोड़ किया है। टीम ने मौके पर दबिश देकर चार महिलाओं सहित छह लोगों को पकड़ लिया। जिनमें से देह व्यापार में जबरन धकेली जा रही तीन महिलाओं को रेस्क्यू किया गया जबकि संचालिका समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। मौके से साढ़े तीन हजार की नगदी और आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की गयी। खुलासा करते हुए एसपी मनोज कत्याल ने बताया कि एंटी ह्यूमन



ट्रैफिकिंग यूनिट की निरीक्षक बसन्ती आर्य ने मुखबिर की सूचना पर टीम के साथ गंगापुर रोड फुलसुंगी स्थित पिंकी नाम की महिला के घर में दबिश दी तो मकान के अन्दर एक महिला व एक पुरुष बरामदे में लगी चारपाई पर बैठे मिले। पुलिस को देखकर दोनों भागने लगे। जिन्हे पकड़कर पूछताछ की तो देह व्यापार संचालिका निकली। पुरुष ने अपना नाम संजय कुमार पुत्र सरजू निवासी ग्राम फुलसुंगी बताया। घर के अन्दर चैक करने पर पहला व तीसरा कमरा खाली था। दूसरे कमरे के बाहर से कुण्डी लगी थी। जिसे खुलवाया गया(शेष पृष्ठ सात पर)

## पच्चीस हजार का ईनामी छत्तीसगढ़ से गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड एसटीएफ व थाना ट्रांजिट कैम्प पुलिस ने संयुक्त ऑपरेशन में 25 हजार के ईनामी अपराधी छत्तीसगढ़ से गिरफ्तार कर लिया। धोखाधड़ी का उक्त आरोपी पिछले करीब दो साल से फरार चल रहा था। अपराध करने के बाद वह परिवार सहित छत्तीसगढ़ के गांधी नगर जनपद सरगुजा में बस



गया था। इनामी अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे गिरफ्तारी अभियान के तहत एसएसपी ऊधमसिंह नगर मंजूनाथ टीसी व एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल के निर्देश पर एसटीएफ एवं थाना ट्रांजिट कैम्प की (शेष पृष्ठ सात पर)

## झांसे में लेकर युवती की अस्मत से खिलवाड़

काशीपुर(उद संवाददाता)। शादी का झांसा देकर युवती की अस्मत से खिलवाड़ करने वाले आरोपी युवक तथा उसके माता-पिता के खिलाफ पुलिस ने कोर्ट के निर्देश पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के बारे में न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर कोतवाली थाना क्षेत्र निवासी एक युवती ने बताया कि लगभग 3 वर्ष पूर्व आधार कार्ड संशोधन को लेकर उसकी मुलाकात मोहल्ला पक्काकोट, नागनाथ मंदिर के समीप निवासी अंचित उर्फ अंकित भटनागर पुत्र विनोद भटनागर से हुई। नजदीकी बढ़ने पर अंकित भटनागर ने युवती के समक्ष शादी का प्रस्ताव रखा। अंकित ने युवती को भरोसे में लेकर उसके घर आना जाना शुरू किया। इसी बीच उसने पीड़िता से शारीरिक संबंध भी बना लिए। युवती ने जब इसका विरोध किया तो अंकित पीड़िता को लेकर अपने घर चला गया। वहां उसने अपनी मां उषा भटनागर तथा विनोद भटनागर से उसकी मुलाकात कराई। उषा तथा विनोद को जब दोनों के संबंधों का पता चला तो उन्होंने युवती को मुंह बंद रखने को कहा। और एक-दो साल में दोनों की शादी कराने का आश्वासन दिया। न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में पीड़िता ने बताया कि वर्ष 2021 की 2 सितंबर को आरोपी ने उसे धोखे से बुलाकर मनमानी की। इसके बाद इसी माह में 18 सितंबर को वह पीड़िता को घूमने वंडरलैंड मुरादाबाद ले गया जहां एक होटल में उसने युवती के साथ बिस्तर गर्म किया। 2022 की 27 अगस्त को आरोपी ने पीड़िता (शेष पृष्ठ सात पर)

## लाखों की स्मैक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में पुलिस के हाथ बड़ी सफलता लगी है। पुलिस ने 25 ग्राम अवैध स्मैक के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा। कप्तान मंजूनाथ



टीसी के निर्देशन पर थाना अध्यक्ष देवेंद्र गौरव पुलिस टीम के साथ नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। सूचना प्राप्त हुई की दो युवक मादक पदार्थों की तस्करी (शेष पृष्ठ सात पर)

# निवेश के लिए तेजी से उभरता हुआ डेस्टिनेशन बन रहा उत्तराखंड : धामी

देहरादून(उद संवाददाता)। आगामी 8-9 दिसंबर को देहरादून में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दृष्टिगत मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में आयोजित सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स मीट को संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी इंफ्लुएंसर्स का स्वागत करते हुए कहा कि वर्तमान परिपेक्ष्य में आप सबकी बड़ी भूमिका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड तेजी से देश दुनिया के लिए एक उभरता हुआ डेस्टिनेशन बन रहा है। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था के लिहाज से उत्तराखंड देश के सबसे सुरक्षित राज्यों में से एक है। उन्होंने कहा कि इन्वेस्टर्स समिट को लेकर हम देश व विदेश में कई स्थानों पर गए जहां से बहुत अच्छा रिस्पांस मिला है। अब तक 2 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव पर हस्ताक्षर हो चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का ज्यादा से ज्यादा फोकस रोजगार सृजन पर है। इसी के मद्देनजर आगामी 8-9 दिसंबर को देहरादून में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन्वेस्टर्स समिट में अभी लगभग एक सप्ताह का समय हैं। उन्होंने कहा कि मेरा ऐसा मानना है कि इस दुनिया में जो कुछ होता है वह प्रभु की इच्छा से होता है और किसी न किसी माध्यम से हम सब जुड़ जाते हैं। उन्होंने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप लोग उत्तराखंड की बात, उत्तराखंड की विशेषता को प्रमुखता से रखेंगे। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, सचिव श्री शैलेश बगोली, सचिव श्री विनय शंकर पांडेय, सूचना महानिदेशक श्री बंशीधर तिवारी सहित अन्य उपस्थित रहे।



## सुरंग में फंसे श्रमिकों को सकुशल बाहर निकालना एक बड़ी उपलब्धि

नई दिल्ली। नई दिल्ली पहुंचने पर मीडिया से अनौपचारिक बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सिलक्यारा टनल हादसे में 41 श्रमिकों को सकुशल बाहर निकालना एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन के चलते ही यह बचाव अभियान सफलतापूर्वक पूरा हो सका। केन्द्र सरकार की ओर से भेजी गई विशेषज्ञ बचाव एजेंसियों की बदौलत हम श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकालने में कामयाब हो सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने हमें आश्वस्त किया कि आप मोर्चे पर डटे रहें, मिशन को अंजाम तक पहुंचाने में संसाधनों और विशेषज्ञों की कोई कमी नहीं रहेगी। शुरू से लेकर अंत तक प्रधानमंत्री जी ने मार्गदर्शन किया और पल-पल की जानकारी लेते रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र में मोदी जी के नेतृत्व में सरकार आने के बाद एक बड़ी तब्दीली ये आई है कि देश और दुनिया में कहीं भी संकट आया हो, भारत सरकार ने अपने नागरिकों को सुरक्षित स्वदेश लाने में कोई कमी नहीं छोड़ी है। मोदी सरकार ने मुसीबत में आ गए विदेश में रह रहे लोगों को कभी बेसहारा नहीं छोड़ा।

# आपदा प्रबंधन सचिव ने दिए सिलक्यारा सुरंग हादसे की विस्तृत रिपोर्ट पेश करने के निर्देश

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तरकाशी में सिलक्यारा सुरंग में हुए हादसे ने करीब 41 जिंदगियों को मुश्किल में डाल दिया था। ये सुरंग प्रदेश के विकास का अहम भाग है, लेकिन इस हादसे के बाद अब कई सवाल उठ रहे हैं। इन सभी सवालों के जवाब और हादसे को देखते हुए अब उत्तराखंड सरकार अलर्ट मोड में आ गई है। खुशियों के बाद अब इस मामले की जांच के आदेश भी दे दिए गए हैं। उत्तरकाशी जिले के अंतर्गत सिलक्यारा में चारधाम ऑल वेदर रोड परियोजना की निर्माणाधीन सुरंग में हुए हादसे की राज्य सरकार अब विस्तृत जांच कराएगी। इस सिलसिले में पूर्व में गठित जांच समिति को प्रारंभिक रिपोर्ट लौटाते हुए उसे दोबारा सभी पहलुओं पर विस्तृत जांच कर रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है। सचिव आपदा प्रबंधन डा रंजीत कुमार सिन्हा के अनुसार सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों को निकालने के लिए 17 दिन चला बचाव अभियान विश्व भर में चर्चा के केंद्र में रहा था। केंद्र एवं राज्य के बेहतर समन्वय और तमाम एजेंसियों की कड़ी मेहनत से यह अभियान सफल रहा और सभी श्रमिक सुरक्षित निकाल लिए गए। सुरंग में भूस्खलन के कारण श्रमिकों के फंसने की घटना 12 नवंबर की सुबह हुई थी। तब सरकार ने भूस्खलन के अध्ययन एवं कारणों की जांच के लिए उत्तराखंड भूस्खलन न्यूनीकरण एवं प्रबंधन के निदेशक डा शांतनु सरकार की अध्यक्षता में समिति गठित की थी। समिति में भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण, वाडिया हिमालय भू-विज्ञान संस्थान, भारतीय सुदूर संवेदन संस्थान, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय के प्रतिनिधि और उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं उत्तराखंड भूस्खलन न्यूनीकरण एवं प्रबंधन केंद्र के भू-वैज्ञानिक शामिल थे। इस सात सदस्यीय समिति को सिलक्यारा जाकर घटना से जुड़े विविध पहलुओं के अलावा मलबे की मिट्टी, पत्थर के सैंपल की जांच के साथ ही सुरंग में भूस्खलन जोन के लंबवत ठीक ऊपरी सतह पर पहाड़ की स्थिति का परीक्षण कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए थे। समिति ने 13 नवंबर को सिलक्यारा जाकर जांच- पड़ताल शुरू की। साथ ही प्रारंभिक रिपोर्ट शासन को सौंप दी थी। सचिव आपदा प्रबंधन डा रंजीत कुमार सिन्हा के अनुसार समिति ने जो प्रारंभिक रिपोर्ट दी है, उसमें कई बिंदुओं पर स्पष्टता नहीं है। इसे देखते हुए समिति को दोबारा सिलक्यारा सुरंग हादसे के संबंध में विस्तृत जांच करने को कहा गया है।

# जलवायु परिवर्तन का असर स्पष्ट दिखाई दे रहा: रिजिजू

देहरादून। छठवें विश्व आपदा प्रबंधन सम्मेलन में बतौर विशिष्ट अतिथि पहुंचे केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्राकृतिक आपदाओं के आने पर सुरक्षा कवच के त्वरित उपाय समय-समय पर किए गए हैं, जिसके लिए केंद्र सरकार निश्चित रूप से बधाई की पात्र है। उन्होंने कहा कि सम्मेलन के मसौदे को केंद्रीय योजनाओं में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के प्रयासों का ही परिणाम है कि आज यदि रिक्टर पैमाने पर सात मेग्नीट्यूट का भूकंप या आपदा आती है, तो उससे अब अधिक नुकसान नहीं होता। सरकार ने इस दिशा में आगे बढ़कर सुरक्षात्मक और बचाव कार्यों का बेहतर खाका तैयार किया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, बदलते परिवेश में हम आज भारी भरकम चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। जलवायु परिवर्तन का असर स्पष्ट दिखाई दे रहा है। ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं, कहीं समुद्र का जलस्तर बढ़ रहा है तो कहीं अत्यधिक बारिश से बाढ़ के हालात बन रहे हैं। रिजिजू ने कहा, आज हमें मौसम का पूर्वानुमान मिल जाता है, इससे हजारों जिंदगी बचती हैं, लेकिन इस तकनीक और आगे ले जाने की जरूरत है। कहा, वेदर फोरकास्ट वेदर मैनेजमेंट की जरूरत है। कहा, भविष्य में हमें और बड़ी आपदाओं का सामना करने के लिए अभी से तैयार रहना होगा। इसके लिए समुदाय को भी इस विषय से गहरे से जोड़ना होगा। उन्होंने कहा कि सम्मेलन के निष्कर्ष विदेशों तक पहुंचेंगे, जो बड़ी सफलता है।

# सुरंग में 13वें दिन मिला खाना, लेटे हुए हैं मजदूर और सेब केले संतरें का लगा है ढेर!

## सोशल मीडिया पर सिल्क्यारा सुरंग के अंदर का वीडियो वायरल

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तरकाशी की सिल्क्यारा सुरंग में दीपावली के दिन हुए भूस्खलन के बाद करीब 17 दिन से फंसे हुए श्रमिकों का वीडियो प्रसारित हो रहा है। सुरंग के अंदर मजदूरों का बनाया वीडियो में दिखाया जा रहा है कि कैसे उन्होंने हादसे के बाद अपनी जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहे थे। ऐसी कई वीडियो शुक्रवार को सोशल मीडिया में वायरल हुई, जिनमें मजदूर बता रहे हैं कि कैसे उनके पास खाने पीने के लिए पाईप से सामान भेजा जा रहा है। एक वीडियो मजूदरों के 13वें दिन की है। इसमें एक मजदूर बता रहा है कि वह कैसे सुरंग के भीतर जिंदगी काट रहे हैं। भीतर जिन बोतलों से भोजन आया है, वे रखी हुई हैं। सोने के लिए वाटर प्रूफ शीट बिछाई हैं, जिन पर कुछ मजदूर लेटे हुए हैं। भीतर संतरे और सेब का अंबार लगा हुआ है। प्रशासन ने यह सभी खाने-पीने की चीजें इसलिए ज्यादा मात्रा में उपलब्ध कराई थी ताकि कोई विपत्ति और आने पर सभी 41 मजदूर इसका इस्तेमाल कर सकें। इस वीडियो में मजदूर दिखा रहा है कि कैसे उनके पास तौलिया, टूथपेस्ट, ब्रश आदि पहुंचाए गए हैं। सुरंग की एक और वीडियो वायरल हुई है, जिसमें एक मजदूर बता रहा है कि उनके पास स्टॉक में 50 किलो संतरा, 80 किलो सेब, केला, ड्राई फूड, रस, बिस्किट, सत्तू के लड्डू भेजे गए हैं। वह बता रहा है कि यह स्टॉक इमरजेंसी के लिए उन्होंने सुरक्षित रख लिया है। आपको बता दें कि सुरंग में 17 दिन तक फंसे रहे मजदूरों को प्रशासन 6 इंच के लाइफलाइन पाइप के माध्यम से लगातार खानपान की चीजें भेज रहे थे। बता दें कि मजदूरों ने नौ दिन गुजारा केवल ड्राई फ्रूट्स और चने खाकर किया। बाद में उन्हें बड़े पाइप के माध्यम से खाना भेजा गया। वहीं, वह अंदर फोन पर वीडियो गेम खेलते थे और खुद को स्वस्थ रखने के लिए योग भी करते थे।





# कांग्रेस नेताओं ने की रेस्क्यू अभियान की सराहना, रैट माइनर्स को करेंगे सम्मानित

देहरादून(उद संवाददाता) सिलक्यारा टनल हादसे को लेकर राजधानी देहरादून में आयोजित प्रदेश कांग्रेस कमेटी की पत्रकार वार्ता में पार्टी के कई बड़े नेता शामिल हुए। इस दौरान सिल्क्यारा सुरंग हादसे को लेकर कांग्रेस नेताओं ने राज्य सरकार से विकास परियोजनाओं की सुरक्षा और संसाधानों के उपयोग पर अपनी राय दी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने बताया कि पार्टी की ओर से रेस्क्यू ऑपरेशन में सबसे असम भूमिका निभाने वाले रैट माइनर्स को सहयोग राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार आपदाओं से सबक लेने की बजाये इवेंट आयोजित कर जश्न मना रही है। शुक्रवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में पूर्व सीएम हरीश रावत ने कहा कि सिलक्यारा टनल रेस्क्यू बड़ी चुनौती थी। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के आत्म विश्वास, इंजीनियर्स, विशेषज्ञ और रैट माइनर्स को धन्यवाद देता हूं। जाति, धर्म से उठ कर रैट माइनर्स ने काम किया। इसलिए कांग्रेस रैट माइनर्स को सम्मानित करेगी। पूर्व सीएम हरीश रावत ने कहा कि रैट माइनर्स को सम्मानित करने का सुझाव प्रियंका गांधी ने दिया है। इस दौरान उन्होंने सरकार पर कई आरोप लगाए और सुरंग हादसे में लापरवाही की उच्चस्तरीय विस्तृत जांच कराने की माग की। पूर्व सीएम ने कहा कि अंधाधुध सुरंगों का निर्माण देवभूमि उत्तराखंड की भौगोलिक परिस्थितियों के अनुकूल नहीं है। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, उप नेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी समेत प्रदेश के कांग्रेस विधायक वर्चुअल जुड़कर रेस्क्यू आपरेशन में जुटी एजेंसियों और रैट होल माईनर के कार्यो की सराहना की। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा सभी सुरक्षा कर्मियों ने अपनी जान को जोखिम में डालकर ऐसा अद्भुत साहस दिखाया जिसके लिए उनकी सराहना की जानी चाहिए। सिलक्यारा टनल हादसे में 41 श्रमिकों को बचाने वाले रेट होल माइनर्स समेत सभी तकनीकी एक्सपर्टस को कांग्रेस के सभी विधायक अपनी एक महीने का वेतन देंगे। इस दौरान पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, प्रदेश प्रवक्ता गरिमा दसौनी, शूरवीर सिंह सजवाण आदि मौजूद थे।



# एसएसपी और नगर आयुक्त को हाईकोर्ट ने किया तलब

## ट्रैफिक व्यवस्था पर प्लान के साथ पेश होने के निर्देश

नैनीताल। हाईकोर्ट ने नैनीताल शहर की ट्रैफिक व्यवस्था पर एसएसपी नैनीताल को शुक्रवार को कोर्ट में पेश होने के लिए कहा है। उन्हें ट्रैफिक प्लान के साथ पेश होने के निर्देश दिए गए हैं। हाईकोर्ट ने यह आदेश नैनीताल के आंतरिक मार्ग स्नोव्यू, बिड़ला, जू रोड, सीआरएसटी स्कूल रोड सहित अन्य मार्गो पर स्थित होटलों स्वामियों और स्थानीय लोगों की ओर से सड़क पर अवैध वाहन पार्क करने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद दिए। कोर्ट ने जिन होटल स्वामियों की ओर से रोड पर वाहन पार्क कराए जा रहे हैं उनसे निर्धारित पार्किंग में ही वाहन पार्क कराने को कहा है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। अधिवक्ता श्रुति जोशी ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर कहा था कि शहर के आंतरिक मार्गों पर स्थित होटल स्वामियों और स्थानीय लोगों की ओर से सड़क पर ही वाहन पार्क किए जा रहे हैं। इस कारण जू रोड, बिड़ला रोड, स्नोव्यू सहित सीआरएसटी रोड पर जाम लग जाता है जबकि शहर की 45 प्रतिशत आबादी इसी क्षेत्र में निवास करती है। जाम लगने से स्कूली बच्चे और कर्मचारियों को परेशानी हो रही है। पैदल चलने वाले लोगों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जनहित याचिका में कोर्ट से प्रार्थना की गई कि जिन होटलों की ओर से सड़क पर वाहन पार्क कराए जा रहे हैं, वहां वाहनों को निर्धारित पार्किंग में ही पार्क कराने के आदेश दिए जाएं। साथ ही दो दिन के लिए बिड़ला रोड के ट्रैफिक को व्यवस्थित किया जाए क्योंकि स्कूल में शीतकालीन अवकाश घोषित होने वाला है।

## लावारिस पशुओं की समस्या पर क्या कदम उठाये?

नैनीताल। हाईकोर्ट ने हल्द्वानी सहित प्रदेश के राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों पर लावारिस पशुओं को छोड़े जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर बृहस्पतिवार को सुनवाई की। हाईकोर्ट ने मुख्य नगर आयुक्त हल्द्वानी को शुक्रवार को कोर्ट में पेश होने के आदेश दिए हैं। उन्हें यह बताने के लिए कहा गया है कि इस समस्या का समाधान करने के लिए क्या निर्णय लिए गए हैं। 22 नवंबर को कोर्ट ने नगर निगम हल्द्वानी से पूछा था कि याचिका में उठाए गए बिंदुओं पर अगली तारीख तक अपना स्पष्ट जवाब पेश करें लेकिन नगर निगम की ओर से स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया। इस पर कोर्ट ने मुख्य नगर आयुक्त को कोर्ट में पेश होने के आदेश दिए हैं। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। हल्द्वानी निवासी अधिवक्ता डॉ. चंद्रशेखर जोशी ने जनहित याचिका दायर कर कहा था कि हल्द्वानी शहर सहित राज्य की व्यस्ततम सड़कों में लावारिस पशुओं के कारण कई दुर्घटनाएं हो रही है। इनके आपस में लड़ने से एक युवक की सड़क दुर्घटना में मौत तक हो गई। इन पशुओं के कारण बच्चों को स्कूल जाने में देरी हो रही है। कई बार घंटों जाम तक लग जाता है। जबकि लावारिस पशुओं को सड़कों पर छोड़े जाने के मामले में उच्च न्यायालय सहित सर्वोच्च न्यायालय ने संबंधित निकायों को कई बार दिशा निर्देश जारी किए हैं। याचिका में यह भी कहा गया कि संबंधित विभाग शिकायत करने पर उनके क्षेत्र से आवारा पशुओं को उठाकर सेल्टर में डालने के बजाय दूसरे क्षेत्र में छोड़ रहे हैं।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# मेयर की विदाई पर कांग्रेसियों ने बांटी मिठाई

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मेयर रामपाल का कार्यकाल खत्म होने पर कांग्रेसियों ने मिष्ठान वितरित कर खुशी मनाई। इस दोरान कांग्रेस नेताओं ने मेयर के कार्यकाल को फ्लॉप करार दिया और उन पर झूठे वायदे कर जनता को छलने के आरोप लगाये। बड़ी संख्या में कांग्रेसी



नगर निगम के बाहर एकत्र हुए। उन्होंने मेयर के कार्यकाल को फ्लाप बताते हुए उनका कार्यकाल खत्म होने पर मिष्ठान वितरण कर खुशी मनाई। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता निवर्तमान पार्षद मोहन खेड़ा ने कहा कि मेयर रामपाल अब तक के सबसे कमजोर और नकारा मेयर साबित हुए हैं। उन्होंने पांच साल तक शहर की जनता को सिर्फ झूठे वायदों से छलने का काम किया है। उनके खाते में कोई भी बड़ी उपलब्धि नहीं है। पांच साल तक वह चंद लोगों की कठपुतली बने रहे जिसके चलते आज विकास के मामले में रूद्रपुर पिछड़ गया है। रामपाल ने चुनाव के समय जो वायदे किये थे उनमें से एक भी वायदा वह पूरा नहीं कर पाये। मेयर ने किच्छा रोड स्थित कूड़े के पहाड़ को हटाने का वायदा किया था जबकि कल्याणी नदी को पुनर्जीवित करने का वायदा भी पूरी तरह फ्लाफ साबित हुआ है। नजूल भूमि पर मालिकाना हक नहीं मिलने तक मेयर ने कुर्सी पर नहीं बैठने की कसम खाई थी लेकिन किसी को मालिकाना हक मिले ही मेयर बेशर्मी से कुर्सी पर बैठ गये। यह सिर्फ उनकी नौटंकी थी। उनके कार्यकाल में एक भी व्यक्ति को नजूल पर मालिकाना हक का पट्टा नहीं मिला है। आने वाले निकाय चुनाव में जनता मेयर के झूठे वायदों का जवाब देगी। इस अवसर पर पवन वर्मा, सौरभ चिलाना, राजकुमार भुसरी, नंद किशोर गंगवार, योगेश चौहान, ममता रानी,सुनील कुमार, सुनील आर्या, डा. अजय सिंह, गोपाल भसीन, गब्बर कोली, विनोद कुमार, अनिल कुमार, शंभू चौहान, गुरदेश सिंह, अर्जुन विश्वास, नव कुमार साना, असीत बाला, आसिम पाशा, शहजान अंसारी समेत तमाम कांग्रेसी थे।

# धूमधाम से मनाया नड्डा का जन्मदिन

## भाजपाईयों ने कुष्ठ आश्रम में फल और मिष्ठान बांटा,मकानों के लिए दी चादरें

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के जन्मदिन को लेकर भाजपाइयों ने जगह-जगह मिष्ठान वितरण किया और हवन यज्ञ कर दीर्घायु की कामना की। शनिवार को भाजपा के सहसंयोजक आर्थिक प्रकोष्ठ के नेता भारत भूषण चुग के नेतृत्व में कार्यकर्ता कुष्ठ आश्रम में इकट्ठा हुए और फल,मिष्ठान वितरण कर राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा के जन्मदिन को उत्साह पूर्वक मनाया।श्री नड्डा के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा नेता श्री चुघ द्वारा कुष्ठ आश्रम में बने कमरों के ऊपर डालने के लिए चादर भी दी गई।उन्होंने कहा कि भाजपा का नेतृत्व संभालने के बाद वर्तमान में पूरे देश में भाजपा की लहर चल रही है क्योंकि राष्ट्रीय अध्यक्ष एक बेहतर सोच के व्यक्तित्व हैं जिन्होंने सभी धर्म और जाति के लोगों को पार्टी में पद और सम्मान देकर उनका मनोबल बढ़ाया उन्होंने कहा कि नड्डा के नेतृत्व में एक बार फिर भाजपा केंद्र और प्रदेशों में होने वाले चुनावों में सत्ता पर काबिज होकर इतिहास दोहराने जा रही है। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष के दीर्घायु की कामना करते हुए कार्यकर्ताओं को जन्मदिन की शुभ कामनाएं दें। इस मौके पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा अनिल चौहान, शिव कुमार सागर,गिरीश पाल,विपिन शर्मा, दीपक राणा,संजय आर्या , सूरज आर्या,महेश कोली नितिन सक्सेना आदि मौजूद रहे।



# विश्व एड्स दिवस पर निकाली जनजागरूकता रैली

सितारगंज(उद संवाददाता)। विश्व एड्स दिवस के अवसर पर आर्बोडी ग्रामीण विकास शिक्षा समिति द्वारा सितारगंज में टीआई के




कर्मचारियों द्वारा व गवर्नमेंट गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्राओं ने मिलकर एक जन जागरूकता रैली निकाली। रैली के दौरान सितारगंज क्षेत्र में जगह-जगह पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी किया गया। रैली के समापन के बाद समाज को एक स्वच्छ संदेश देने हेतु संध्या काल में मोमबत्ती जलाकर कैंडल मार्च भी निकाला गया।जिसका उद्देश्य समाज को एचआईवी के प्रति जागरूकता था जनजागरूकता रैली की अध्यक्षता गवर्मेन्ट गर्ल्स इण्टर कॉलेज की प्रिंसिपलय अर्चना पाठक जी द्वारा की गई। अर्चना पाठक द्वसरा बताया गया कि युवाओं से एच आई वी/ एड्स के बारे में खुलकर बात करनी चाहिए। कार्यक्रम का आयोजन टी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर अजीत श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रोजेक्ट मैनेजर मनीष सिद्धू द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मोनिका, सरस्वती रानी, राजाराम एवं नीरज पांडे सहित राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज की शिक्षिका एवं छात्रओं ने प्रतिभाग किया।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com 05944-246817

# एयरपोर्ट पर व्यवस्थाएं दुरूस्त रखने के निर्देश

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पंतनगर एयरपोर्ट की एरोड्रम एवं एयरफील्ड इनवायरमेंटल मैनेजमेंट कमेटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में निदेशक विमाननपत्तन भाविप्रा



पंतनगर एयरपोर्ट सुमित सक्सेना ने बताया कि एयरपोर्ट के आस-पास सुरक्षा के दृष्टिगत बड़े पेड़ों की कटाई- छटाई, झाड़ियों की सफाई एवं हिंसक जंगली जानवरों की आवश्यकता है। जिसपर जिलाधिकारी ने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि टीम लगाकर पेड़ों की कटाई-छटाई करें एवं जंगली जानवरों को पिंजरा लगाकर पकड़कर अन्यत्र जंगलों में छोड़ें ताकि एयरपोर्ट पर किसी प्रकार की दुर्घटना की सम्भावना न रहे। उन्होने एयरपोर्ट में जल भराव की निकासी हेतु एनएचएआई के अधिकारियों को पत्र प्रेषित करने के निर्देश निदेशक पंतनगर एयरपोर्ट को दिये। निदेशक पंतनगर एयरपोर्ट ने अवगत कराया कि एयरपोर्ट के आस-पास की कालोनियों में अनाधिकृत मांस की दुकाने खोली गयी है जिनके द्वारा अनावश्यक मांस के टुकड़े इधर-उधर फेके जाते है जिससे कि चील, कौएं मंडराते रहते है, जिससे दुर्घटना की सम्भावना बनी रहती है। जिसपर जिलाधिकारी ने पुलिस, खाद्य सुरक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि एयरपोर्ट के आस-पास की कालोनियों में निरंतर चैकिंग अभियान चलाकर मांस की दुकानों को हटवाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि एयरपोर्ट की सुरक्षा की दृष्टिगत एक प्लाटून पीएसी कर्मियों को लगवाये। बैठक में निदेशक विमानपत्तन भाविप्रा पंतनगर एयरपोर्ट सुमित सक्सेना, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, एसीएमओ डा0 एसपी सिंह, सहायक प्रबन्धक संचार पंतनगर एयरपोर्ट एसएस प्रसाद सहित सम्बन्धित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# चरस के साथ तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा क्षेत्र से पुलिस ने एक तस्कर को 244 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट में पेश करने के बाद उसे



जेल भेजने की कार्रवाई की गयी। एसएसपी के निर्देश पर थानाध्यक्ष बनभूलपुरा नीरज भाकुनी के नेतृत्व में गठित टीम ने गश्त के दौरान एक व्यक्ति को 244 ग्राम अवैध चरस के साथ गौला पार्किंग गौजाजाली निकट रेलवे क्रासिंग इन्द्रानगर थाना- वनभूलपुरा से गिरफ्तार किया गया। पकडा गया आरोपी पूर्व में भी कई अपराधों में लिप्त रहा है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक मनोज यादव, कांस्टेबल दिलशाद अहमद, अमनदीप सिंह।, सोनू सिंह आदि शामिल थे।

# ईजा बैणी महोत्सव में परोसे गये बासी भोजन की जांच शुरू

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। ईजा-बैणी महोत्सव निपट गया लेकिन बासी एवं गुणवत्ता के विपरीत खाने को लेकर प्रशासन ने अब जांच शुरू कर दी है। जिसके क्रम में जिलाधिकारी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने डीपी नानक के संस्थान का सैंपल लिया। बताते चलें कि डीपी नानक से ईजा बैणी महोत्सव में महिलाओं के रिफ्रेशमेंट हेतु आलू- पुरी इत्यादि खाद्य प्रदार्थ लिए गए थे, लेकिन उक्त संस्थान द्वारा दिये गए खाद्य प्रदार्थ पर बासी होने एवं दुर्गंध की शिकायत मिली। जिसके क्रम में शुक्रवार को जिलाधिकारी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभय सिंह के नेतृत्व में डीपी नानक स्वीट्स संस्थान में पहुंची जहां टीम द्वारा बतीसा स्वीट्स और आलू सब्जी के नमूने लिए गए। जिनकी गुणवत्ता की जांच के लिए उन्हें रुद्रपुर स्थित राज्य खाद्य विभाग की लैब में भेजा जाएगा।

# राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्रा संगीता को मिला सांत्वना पुरस्कार

गदरपु(उद संवाददाता)। दिवाली मेले पर सिक्स सिग्मा में आयोजित की गई प्रतियोगिता में अग्रणी रही राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गदरपुर की कक्षा 12 की छात्रा संगीता को पुरस्कृत किया गया । राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य डा, किरण बाला पांडे ने बताया कि सिक्स सिग्मा द्वारा 9 नवंबर को दिवाली मेले पर



आयोजित की गई प्रतियोगिता में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की कक्षा 12 की छात्रा संगीता पुत्री रामवीर और संतोष रानी निवासी कलवंत नगर द्वारा प्रतिभाग किया गया था सिक्स सिग्मा के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अनुभव बठला और मैकेनिकल प्रवक्ता ललित भट्ट द्वारा संगीता को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया । इस मौके पर अध्यापिका तारा जोशी एवं मिनती रानी विश्वास मौजूद थे

सूचना नाम परिवर्तन
सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि पहले मेरा नाम उषा रानी भूटानी (Usha Rani Bhutani) (पुराना नाम) था, अब मैंने अपना नाम बदलकर उषा रानी(Usha Rani) (नया नाम) कर लिया है। अतः भविष्य में मुझे उषा रानी (Usha Rani) पत्नी श्री श्याम लाल भूटानी (Shyam Lal Bhutani) नाम से ही जाना पहचाना जाए।
उषा रानी पत्नी श्री श्याम लाल भूटानी
निवासी जे-7, प्रताप मार्केट,रूद्रपुर जिला
उधम सिं हनगर, उत्तराखण्ड

# ढाई लाख का गांजा पकड़ा

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। सल्ट पुलिस ने चेकिंग के दौरान स्विफ्ट डिजायर कार से ढ़ाई लाख से अधिक का गांजा सहित एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी रामचन्द्र राजगुरु के निर्देश पर थानाध्यक्ष सल्ट अजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में थाना सल्ट पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र अंतर्गत गौलीखाल जाने वाले रोड मे कूपी तिराहे पर गौलीखाल से आते हुए स्विफ्ट डिजायर कार संख्या यूके 04आर 5051 को रोका गया तो वाहन में भूपेश सवार था, कार की तलाशी लेने पर अभियुक्त के कब्जे से कार की पिछली सीट में रखे एक प्लास्टिक के कट्टे में 18.400 किलोग्राम गांजा बरामद होने पर अभियुक्त भूपेश सिंह पुत्र आनंद सिंह निवासी नई बस्ती नंबर 13 नया लालढांग रामनगर को गिरफ्तार कर थाना सल्ट में एनडीपीएस एक्ट के तहत



एफ0आईआर पंजीकृत की गई। थानाध्यक्ष अजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि अभियुक्त गांजे को गांवो से इकट्ठा कर रामनगर की ओर ले जा रहा था। बरामद गांजे की कीमत लगभग 2 लाख 70 हजार आंकी गयी है। पुलिस टीम में एसओ अजेंद्र प्रसाद के अलावा हेडका. संजू कुमार ,सुरेश चंद्र, कपिल कुमार आदि शामिल थे।

# दबंगों ने सरेआम किया हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बाजार से घर की ओर लौट रहे एक व्यक्ति को दबंगों ने रास्ते में घेरकर बुरी तरह पीट दिया। बाद में दबंगों ने उक्त व्यक्ति को चाकू मारकर घायल कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को मामले की तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की गुहार लगायी है। पुलिस को दी तहरीर में बाबू राम पुत्र नन्हे हाल निवासी सजय नगर खेडा ने कहा कि शुक्रवार रात करीब नौ बजे वह काम करके अपने घर की ओर जा रहा था तभी झील के पास सात आठ लोगों ने उसे घेर लिया और पैसे मांगने लगे। मना किया जाने पर उक्त लोगों ने लात घूसों और बेल्टो से हमला कर दिया। आसपास के लोगों ने उसे बमुश्किल बचाया। बाद में जब वह थाना ट्रांजिट कैम्प को सूचना देकर जा रहा था तभी उक्त लोगों ने चामुंडा मंदिर के पास चाकू से हमला कर दिया।

# डिजास्टर मैनेजमेंट सम्मेलन से मानवता का होगा भला: राज्यपाल

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शुक्रवार को ग्राफिक एरा विश्वविद्यालय, देहरादून में छठवें वर्ल्ड कांग्रेस ऑन डिजास्टर मैनेजमेंट के समापन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि जिस दिन यह सम्मेलन प्रारंभ हुआ था उसी दिन हमने हमारी एक बड़ी चुनौती से जीत हासिल की, 17 दिनों के लंबे संघर्ष के बाद आखिरकार 28 नवंबर को हमने सिलक्यारा टनल में फंसे हुए अपने बहादुर साथियों को सकुशल बाहर निकालने में सफलता प्राप्त की। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन के माध्यम से विशेषज्ञों द्वारा जो पिछले 4 दिनों तक चिंतन और मंथन किया गया है, उससे निकलने वाले अमृत से समस्त मानवता का भला होगा। उन्होंने कहा कि यह सम्मान की बात है कि 70 देशों के प्रतिनिधियों द्वारा देवभूमि उत्तराखण्ड में इस प्रकार के वैश्विक सम्मेलन में प्रतिभाग किया गया है। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखंड राज्य की भोगौलिक






परिस्थितियां विषम हैं, और हमारे राज्य ने निरंतर आपदाओं का दंश झेला है, 1991 में उत्तरकाशी में आए भूकम्प की बात हो या 2013 में केदारनाथ की विनाशकारी बाढ़ की, इन अवसरों पर राज्य को बड़ी संख्या में क्षति पहुंची है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से हिमालयी क्षेत्र में आपदा प्रबंधन करने में सहायता प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि 2015 में विश्व द्वारा आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए सेंडाई फ्रेमवर्क अपनाया गया जो अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की क्षमता का उदाहरण है। यह स्वैच्छिक, गैर-बाध्यकारी समझौता 2030 तक प्राप्त किए जाने वाले सात वैश्विक लक्ष्यों की रूपरेखा तैयार करता है, जिसमें आपदा जोखिम में कमी, सतत विकास और जलवायु परिवर्तन अनुकूलन के अंतर्संबंध पर जोर दिया गया है। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखंड में हमारे राज्य आपदा प्रबंधन विभाग ने अपनी कार्यप्रणाली में एवं आपदा की स्थिति में राहत कार्यों के सफल संचालन और रोकथाम के लिए सभी चार सेंडाई फ्रेमवर्क सिद्धांतों को शामिल किया है। उन्होंने कहा कि तकनीकी और वैज्ञानिक नवाचार के साथ, भारत महत्वपूर्ण आर्थिक विकास के मार्ग पर प्रगतिशील है, मेक इन इंडिया, स्किल इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्वच्छ भारत अभियान, स्मार्ट सिटी मिशन और ऐसी पहल हैं जिनसे देश के विकास को और गति मिल रही है। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा देहरादून डिक्लेरेशन का विमोचन भी किया गया, जिसमें इस सम्मेलन में विगत 4 दिनों तक विभिन्न विशेषज्ञों के मध्य हुए विचार-विमर्श के आधार पर 20 मुख्य एवं 5 कार्यवाही योग्य बिंदुओं को सम्मिलित किया गया है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू, अंडमान एवं निकोबार के उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी, सचिव आपदा प्रबंधन डा. रंजीत सिन्हा, डा. दुर्गेश पंत, ग्राफिक एरा विश्वविद्यालय के चेयरमैन प्रो. कमल घनशाला कार्यक्रम के संयोजक मंडल के पदाधिकारी एवं 51 देशों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ वर्चुअल माध्यम से कुल 70 देशों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।




# ग्राम पंचायत खमिया पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विकासखण्ड रूद्रपुर की ग्राम पंचायत खमिया नं0 2 में लाभार्थीपरक योजनाओं के संतृप्तीकरण हेतु लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध रूप से पहुँचाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन कियागया। कार्यक्रम में उपस्थित 105 अधिकारीगण / व्यक्तियों / लाभार्थियों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलायी गयी। उक्त आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, मत्स्य विभाग, उद्यान विभाग, गन्ना विकास विभाग, नलकूप विभाग, खाद्य विभाग, पेयजल विभाग, समाज कल्याण विभाग, कृषि विभाग, बाल विकास विभाग, द्वारा स्टॉल लगाई गयी। उक्तानुसार आयोजित कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों द्वारा उपस्थित लाभार्थियों को प्रचार वाहन के माध्यम से विभागीय अधिकारियों द्वारा समस्त विभागों की जनकल्याण कारी योजनाओं जैसे-आत्मा योजना, के.सी. सी. और प्रधानमंत्री किसान सम्मान



निधि, प्राकृतिक कृषि एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड, पी.एम.के.एस.वाई. योजना, पी. एम. उज्जवला योजना इत्यादि योजनाओं से सम्बन्धित जानकारी प्रदान की गयी तथा योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया एवं मौके पर लाभार्थियो को सम्बन्धित विभागों द्वारा राजसहायता पर निवेशों / सामग्रियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामपंचायत खमिया नं0 2 में कृषि विभाग द्वारा किसान विभागीय योजना के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में श्रीमती कविता तिवारी (स्वयं सहायता समूह) के द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी का अनुभव सांझा किया गया ताकि अन्य ग्रामीण प्रेरित हो सकें। कार्यक्रम के दौरान हेल्थ कैम्प में लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। कार्यक्रम में कृषि में ड्रोन द्वारा नैनो स्प्रे तकनीकी का प्रदर्शन भी किया गया। कार्यक्रम में जनपदस्तरीय नोडल अधिकारी डॉ. एस. बी. पाण्डे मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, ऊधमसिंह नगर, सोनू भण्डारी, मत्स्य निरीक्षक ग्राम पंचायतवार नोडल अधिकारी, श्रीमती चन्द्रकला ग्राम प्रधान, एल०डी०एम० पन्तनगर, एवं अन्य जनप्रतिनिधि इत्यादि उपस्थित रहे।

# जय सस्पेंशन ने किया सरकारी स्कूल का कायाकल्प

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जय सस्पेंशन कंपनी के प्लांट प्रमुख हरीश कुमार ने कॉरपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी





पहल के तहत राजकीय प्राथमिक विद्यालय, पत्थर चट्टा में कुर्सियां, पंखे, डस्टबिन, ग्रीन बोर्ड, अलमीरा, पानी की टंकी आदि जरूरी समान उपलब्ध कराया। इसके साथ ही बच्चों को शीतल जल उपलब्ध कराने हेतु ठंडे पानी का कूलर भी स्थापित करवाया। इस अवसर पर स्कूल की मुख्य अध्यापिका श्रीमति मुकुल अरोड़ा ने बताया कि विद्यालय का भवन बहुत बुरी हालत में था और किसी प्रकार की कोई सुविधा भी नही थी परंतु जब से जय सस्पेंशन कंपनी ने स्कूल को अडॉप्ट किया तब से भवन का पुनर्निर्माण, बिजली पानी, फर्नीचर आदि सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाई है आज इसी अवसर पर फर्नीचर के साथ ही बच्चों को दांतों की सफाई के लिए ब्रश और पेस्ट भी बांटे गए हैं। कंपनी के एचआर प्रमुख विपिन सिंह ने बताया कि कंपनी की सीएसआर विभाग प्रमुख श्रीमति संयम मराठा के नेतृत्व में पिछले कई वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में काफी सुधार कार्य करवाए जा रहे हैं। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ, कंपनी के सीएसआर विभाग की श्री अनिल भारद्वाज, मोहम्मद सुनेफ, श्री सुरेश जोशी आदि उपस्थित रहे।

# बीएड कॉलेज के परिणाम घोषित

सितारगंज(उद संवाददाता)। डा. शुशीला तिवारी बीएड कॉलेज का अंतिम सेमिस्टर का परिणाम शत प्रतिशत रहा। कॉलेज से जारी किए गए परिणाम सूची में राधा देवी ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर बीएड कॉलेज में प्रथम स्थान प्राप्त कर कॉलेज टॉप किया है। वहीं असना अहमद द्वितीय तथा दीपिका बिष्ट ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। राधा देवी समेत असना और दीपिका की विद्यालय प्रबंधन ने सराहना की और



शुभकामनाएं दीं। राधा देवी ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने पति आशीष पांडेय को दिया। राधा ने बताया कि उनके पति ने उन्हे कॉलेज की पढ़ाई के लिए कभी नहीं रोका बल्कि जरुरत पड़ी तो अपना काम छोड़कर सहयोग किया और गुरुजनों ने भी सदैव सही मार्गदर्शन किया। परिक्षा परिणाम में अग्रिम रहने वाली छात्राओं को शुभकामनाएं देने वालों में विद्यालय प्रबंधक जगदीश बिष्ट, निर्देशक डा पूनम सिंह, डॉ हरिओम सिंह, प्राचार्य डा प्रियंका सिंह, विभागाध्यक्ष डा डीएस मौर्य, विजय सिंह मौजूद रहे।

# कैबिनेट मंत्री ने महिलाओं को बांटे गैस चूल्हे सिलेंडर

सितारगंज (उद संवाददाता)। कैबिनेट मंत्री ने वार्ड पांच में करीब साढ़े छह लाख की लागत से बनी विभिन्न रोड का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने




सभासद रवि रस्तोगी के साथ मिलकर निर्धन महिलाओं को उजवला योजना के सिलेंडर वितरित किए। इसके बाद कैबिनेट मंत्री ने वार्ड पांच व एक में नवनिर्मित सड़क का फीता काटकर शुभारंभ किया। शहर के वार्ड एक व पांच में आयोजित कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री ने कहा कि क्षेत्रवासियों की समस्यायों का प्राथमिकता से निदान किया जा रहा है। बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के लिए सरकारी अस्पताल का उच्चीकरण कर उसे सब डिस्ट्रिक्ट अस्पताल में बदल दिया गया है। जिसके बाद क्षेत्रवासी एक्सरे, अल्ट्रासाउंड आदि की जांच सरकारी अस्पताल में करवा सकेंगे। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में आने वाले चुनाव में क्षेत्रवासी विकास की सोच रखने वाली भाजपा पार्टी को चुने। भाजपा का मंत्री, चौयरमैन होने पर विकास दुगुनी ताकत से हो सकेगा। इसके बाद कैबिनेट मंत्री वार्ड एक में करीब साढ़े आठ की लागत से निर्मित सड़क का शुभारंभ किया। यहां उन्होंने कहा कि हर समाज ने भाजपा पर विश्वास बनाया है। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, भाजपा मंडल अध्यक्ष आदेश चौहान, सभासद रवि रस्तोगी, पंडित हरीश भट्ट, राकेश गुप्ता, नंदू बेखर, आन सिंह राणा, राहुल रस्तोगी, फेजुल हसन, प्रिंस रस्तोगी, पंडित दिनेश भट्ट, अबरार पटौदी, उदय राणा, दीपक गुप्ता, मुन्ना लाल, मौजूद रहे।

# सितारगंज में धूमधाम से निकाला गया नगर कीर्तन

सितारगंज(उद संवाददाता)। सितारगंज में गुरु नानक जयंती के उपलक्ष में नगर कीर्तन निकाला गया जिसमें उत्तराखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा भी पहुँचे और उन्होंने सभी लोगों को गुरु पर्व की शुभकामनाएं दी । भव्य नगर कीर्तन गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी सितारगंज की ओर से निकाला गया। गुरुग्रंथ साहिब की छत्र छाया और पंच प्यारों की अगुवाई में अरदास के बाद नगर कीर्तन गुरुद्वारा सितारगंज गुरुद्वारा से शुरू हुआ। सितारगंज किच्छा मार्ग अमरिया चौराहा खटीमा रोड होता नगर कीर्तन वापस गुरुद्वारा में सम्पन्न हुआ। धार्मिक जत्थों ने सतगुरु नानक प्रकटिआ मिटी धुंध जग चानण होआ... के गायन से संगत को निहाल किया। । यहां प्रसाद वितरित किया गया। उत्तराखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने संगत को बधाई दी। कहा कि गुरु नानकदेव जी ने सत्य के मार्ग पर चलकर अन्याय से लड़ने की प्रेरणा दी। गुरुनानक देव जी ने समाज में ऊंच- नीच, जात-पात के भेदभाव को खत्म किया। गुरुनानक देव



जीके बताए मार्ग और चिवारों पर चलने से बुराइयां स्वत: ही समाप्त हो जाएंगी। रणजीत अखोड़े की गतका पार्टी के करतब हैरत अंगेज रहे। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा को स्मृति चिन्ह व सिरोंपा देकर सम्मानित किया गुरु ग्रंथ साहिब की पालकी से पहले रास्ते को झाड़ू व पानी से साफ करते हुए महिलाएं चल रही थी। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा के प्रतिनिधि उमाशंकर दुबे, भाजपा नेता पलविंदर सिंह औलख, महेश मित्तल, गुरदीप सिंह चौहान, भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिन्दल, भगवान सिंह भंडारी आदि लोग मौजूद थे।







# आरएएन के वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने किया मंत्रमुग्ध

## केन्द्रीय मंत्री अजय भट्ट, यूपी सरकार के मंत्री बल्देव औलख सहित कई वीआईपी मेहमानों ने बढ़ाई कार्यक्रम की शोभा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आर. ए. एन. पब्लिक स्कूल डिबडिबा में स्कूल का 35वां वार्षिकोत्सव 'तमसो माँ ज्योतिर्गमय'दोनों शाखाओं ने धूमधाम से मनाया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट,उत्तर प्रदेश सरकारके मंत्री बलदेव सिंह औलख , रूद्रपुर के विधायक शिव अरोरा, मेयर रामपाल, रामपुर के जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड , सीबीएसई देहरादून के क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. रणबीर सिंह ,विद्यालय संस्थापक विंग कमांडर एच० के ०राय,श्रीमती मधु राय , विद्यालय डायरेक्टर मोहित राय, निर्देशिका श्रीमती निधि राय, प्रधानाचार्या भूरारानी श्रीमती भावना भनोट एवं, प्रधानाचार्या डिबडिबा श्रीमती वंदना शर्मा, उद्योगपति शिव कुमार, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, चित्रक मित्तल ,सरदार कुलवंत सिंह,भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा ने संयुक्त रूप से माँ सरस्वती के समक्ष दीपक प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । तत्पश्चात विद्यालय निर्देशक मोहित राय ने अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की इंद्र धनुषी रंगों की श्रृंखला में सर्वप्रथम गणेश वंदना की अद्भुत प्रस्तुति के साथ आरंभ हुई उत्तराखंड की



संस्कृति पर गीत , विभिन्न संस्कृतियों को समेटता फ्यूजन नृत्य, कक्षा 5 के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत अंग्रेजी गीत, कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण गुरु शिष्य परंपरा की भव्यता पर प्रस्तुत गुरुओं की महिमा नाटक –'तमसों माँ ज्योतिर्गमय ने' गुरुओं के चरणों में अपने श्रद्धा सुमन समर्पित किए। भारत की भिन्न–भिन्न क्षेत्रों की उपलब्धियों की झलकियाँ प्रस्तुत करते हुए बच्चों ने ,मार्शल आर्ट गत्तका तथा सलंम्भम , हनुमान चालीसा की अद्वितीय प्रस्तुति , भरत नाट्य संग योगा प्रस्तुति, सैन्य जीवन के बलिदानों की प्रस्तुति ने सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में सीबीएसई 2023–24 की हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले टॉपर–आर. ए. एन. पब्लिक स्कूल के सूर्यांश यादव (98.2), सीरत कौर –तथा कार्तिकेय अग्रवाल –(98%) , हार्दिक सिंह (98%), दीपांशु कुमार (97.8%), पावनी पपनेजा (–97.4%), अंशिका अग्रवाल (97.4) एवं काव्यांश अग्रवाल (96.8%) को अतिथियों ने नगद पुरुस्कार तथा ट्राफी दे कर सम्मानित करते हुए प्रोत्साहित किया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि केन्द्रीय मंत्री अजय भट्ट ने अपने सम्बोधन में आर. ए एन पब्लिक स्कूल की शिक्षा प्रणाली की प्रशंसा करते हुए कहा कि भारत एक विकसित देश है और आज का युवा एक सुदृढ़ स्तम्भ है । उन्होनें छात्रों से अपने कौशल का विकास कर समाज व देश की प्रगति में अपना योगदान देने हेतु प्रोत्साहित व प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आर. ए. एन. न केवल शिक्षा के क्षेत्र में ही नहीं अपितु अन्य क्षेत्रों में भी अपनी पहचान बनाता हुआ अपने क्षेत्र का सर्वश्रेष्ठ विद्यालय बन गया है जो कि विद्यालय संस्थापक विंग कमांडर एच. के. राय के योग्य मागदर्शन एवं अथक प्रयासों का परिणाम है, इस प्रकार विद्यालय बच्चों की प्रतिभाओं को निखारने का काम बखूबी कर रहा है। क्योंकि आज के बच्चे ही देश के कल के कर्णधार हैं ।विशिष्ठ अतिथि बलदेव सिंह औलख ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों द्वारा प्रदर्शित नैतिक मूल्यों आदर्शों तथा समसामयिक विषयों की सराहना की तथा बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमारे क्षेत्र के बच्चे देश के बड़े शहरों तथा विदेशों में पहुँच कर अपनी मेहनत तथा लग्न से सफलता की ऊँचाइयों को छू रहे हैं ।बच्चों को सुसंस्कृत बनाने का कार्य आर. ए. एन. परिवार बखूबी कर रहा है तथा परिवार द्वारा दिए गए संस्कारों को बच्चे गौरवान्वित कर रहे है । डा. रणवीर सिंह ने विद्यालय के चेयर मैन हरीश राय को बधाई देते हुए कहा कि सी.बी.एस. ई. (देहरादून रीजन )में आर. ए. ए. एन. अपनी सशक्त पहचान बना चुका है । विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती भावना भनोट (भूरारानी)ने वार्षिक आख्या में विद्यालय की 35 वर्षीय उपलब्धियों की गौरवपूर्ण यात्रा से अवगत करवाया जिसको सुनकर सभी को गर्व हुआ। प्रधानाचार्या श्रीमती वंदना शर्मा (डिबडिबा ) ने उपस्थित समस्त अतिथियों तथा अभिभावकों को अपना कीमती समय तथा सहयोग देकर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उनका हार्दिक आभार व्यक्त किया ।इस अवसर पर शहर के गणमान्य अतिथि डा. प्रशांत पाठक, डा. सिंह ,श्रीमती रचना अरोरा , सुधांशु गाबा,रवि सिडाना,राजन राठौर सहित लगभग 7 हजार से अधिक लोग उपस्थिति रहे ।

## डायरेक्टर मोहित राय ने अतिथियों का जताया आभार

रुद्रपुर। आरएएन स्कूल के डायरेक्टर मोहित राय ने स्कूल के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों, छात्र–छात्राओं के परिजनों सहित सभी लोगों का आभार जताया है। श्री राय ने कहा कि कार्यक्रम में उपस्थित हजारों लोगों की भीड़ ने स्कूल के प्रति जो अपना प्यार जताया है इसके लिए वह दिल से उनके आभारी हैं।श्री राय ने कहा कि कोरोना के चलते 2 वर्ष तक स्कूल में वार्षिकोत्सव का कार्यक्रम नहीं किया जा सका था। इस वर्ष स्कूल स्टाफ के प्रयासों से भव्य वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। जिसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं। श्री राय ने कहा कि ऐसे आयोजन से छात्र–छात्राओं को एक मंच मिलता है। उन्हे अपनी प्रतिभाओं को निखारने का मौका मिलता है। कार्यक्रम के लिए छात्र–छात्राओं द्वारा पिछले कई दिनों से काफी मेहनत की जा रही थी और उन्होंने अपनी प्रतिभाओं को उड़ान देते हुए कल कार्यक्रम में अपना बेस्ट परफॉर्मेंस दिया जिसके लिए वह सभी बधाई के पात्र हैं।



## बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की जमकर हुई सराहना

रुद्रपुर। आरए एन स्कूल द्वारा कोरोना के पश्चात 2 वर्ष बाद आयोजित वार्षिकोत्सव में प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत इंद्र धनुषी रंगों की श्रृंखला के बीच सर्वप्रथम गणेश वंदना की अदभुत प्रस्तुति के साथ आरंभ हुई। इसके बाद उत्तराखंड की संस्कृति पर गीत , विभिन्न संस्कृतियों को समेटता फ्यूजन नृत्य, कक्षा 5 के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत अंग्रेजी गीत किये गए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण गुरु शिष्य परंपरा की भव्यता पर प्रस्तुत गुरुओं की महिमा नाटक –ष्तमसों माँ ज्योतिर्गमयष रहा। जिसके माध्यम से गुरुओं के चरणों में अपने श्रद्धा सुमन समर्पित किए। भारत की भिन्न–भिन्न क्षेत्रों की उपलब्धियों की झलकियाँ प्रस्तुत करते हुए बच्चों



ने ,मार्शल आर्ट गत्तका तथा सलंम्भम, हनुमान चालीसा की अद्वितीय प्रस्तुति , भरत नाट्य संग योगा प्रस्तुति, सैन्य जीवन के बलिदानों की प्रस्तुति ने सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया । सभी कार्यक्रम एक से बढ़कर एक थे। छात्र–छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रमों पर उपस्थित लोगों ने खूब तालियां बजाकर बच्चों का उत्साह वर्धन किया गया। कार्यक्रम के लिए छात्र–छात्राओं द्वारा पिछले कई दिनों से प्रैक्टिस की जा रही थी। कल आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में आए सभी लोगों द्वारा छात्र –छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रम की जमकर सराहना की गई । कार्यक्रम में 7000 से अधिक लोग मौजूद थे। अत्यधिक भीड़ होने के बावजूद भी पूरा कार्यक्रम व्यवस्थित ढंग से चलता रहा जिसकी सभी ने सराहना की।

















# उत्तरांचल दर्पण
# सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## गहराता जलवायु संकट

दुनिया भर में बढ़ते तापमान और जलवायु परिवर्तन को लेकर पिछले कई वर्ष से लगातार चिंता जताई जा रही है। अब इसकी वजहें स्पष्ट हैं। मगर मुश्किल यह है कि जब भी उन वजहों को दूर करने की बात आती है, तो विकसित देश अपनी भूमिका को कम करके पेश करते हैं और इसके हल के लिए उठाए जाने वाले कदमों को लागू करने की जिम्मेदारी विकासशील देशों पर थोप देते हैं। जबकि समूची धरती पर जलवायु संकट जिस स्तर तक गहरा हो चुका है, उसमें मुख्य रूप से विकसित देशों की जिम्मेदारी रही है। इसके बावजूद इस मसले पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित हर बैठक या सम्मेलन में तीसरी दुनिया के या विकासशील देशों ने समस्या के समाधान को लेकर अपेक्षित गंभीरता दिखाई है, उसमें अपनी ओर से हर संभव योगदान किया है। इसी को इंगित करते हुए प्रधानमंत्री ने विकास देशों को अपेक्षित जलवायु वित्तपोषण और प्रौद्योगिकी संबंधी हस्तांतरण सुनिश्चित करने का आह्वान करते हुए कहा कि इस पर गौर किया जाना चाहिए कि इन देशों ने जलवायु संकट बढ़ाने में कोई योगदान नहीं किया है, इसके बावजूद वे इसके समाधान का हिस्सा बनने के इच्छुक हैं। दरअसल, सीओपी28 में भाग लेने दुबई गए प्रधानमंत्री ने एक तरह से जलवायु संकट पर विकासशील देशों के सामूहिक रुख को प्रतिनिधि स्वर दिया है। सच यह है कि बढ़ते तापमान और उसकी वजह से पैदा होने वाली पर्यावरणीय समस्या के पीछे विकसित देशों की ही भूमिका ज्यादा है। खासकर कार्बन डाईआक्साइड के उत्सर्जन को लेकर दुनिया भर में विशेष उपायों को अपनाने या लागू करने पर जोर दिया जाता है। इस समस्या के बढ़ने में अपनी बहुत बड़ी जिम्मेदारी न होने के बावजूद कार्बन उत्सर्जन कम करने को लेकर जब भी कोई मानक तय किया गया, उस पर अमल के लिए विकासशील देशों ने अपनी ओर से हर संभव उपाय किए, सरोकार जताया, जबकि विकसित देशों ने अलग-अलग कारण बता कर इसमें भागीदारी निभाने को लेकर टालमटोल ही किया। कई बार ऐसे मौके आए जब विकासशील देशों को आर्थिक सहायता मुहैया कराने के मामले में पर्यावरण असंतुलन को कसौटी बनाया गया। इसे रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री ने भी कहा कि जलवायु वित्तपोषण पर प्रगति इस मसले पर जरूरी कार्रवाई पर बढ़ती महत्त्वाकांक्षाओं के अनुरूप दिखनी चाहिए। यह किसी से छिपा नहीं है कि जलवायु परिवर्तन एक सामूहिक चुनौती है, जिससे निपटने के लिए एकीकृत वैश्विक प्रतिक्रिया की आवश्यकता है। जहां तक भारत का सवाल है, नवीकरणीय ऊर्जा, ऊर्जा दक्षता और संरक्षण, वनीकरण जैसे कई क्षेत्रों में भारत की उपलब्धियां इसकी प्रतिबद्धता का सबूत हैं। भारत के अलावा भी विकासशील देशों ने अपनी सीमा में इस मसले पर योगदान दिया है, ताकि इस वैश्विक चिंता से निपटने में मदद मिल सके। हालांकि यह समझना मुश्किल है कि बढ़ते तापमान को एक सबसे बड़े संकट के रूप में पेश करने वाले विकसित देश अपने यहां कार्बन उत्सर्जन को नियंत्रित करने या कम करने को लेकर ईमानदार पहल क्यों नहीं करते। जरूरत इस बात की है कि जिन विकासशील देशों में इस समस्या के हल को लेकर अपेक्षित गंभीरता दर्शायी जा रही है, उन्हें वित्तीय सहायता मुहैया कराई जाए। मगर जलवायु संकट में कमी तब तक संभव नहीं है, जब तक विकसित देश इस दिशा में जरूरी इच्छाशक्ति के साथ काम न करें।

## राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में अरुण कुमार और शमसुद्दीन प्रथम

गदरपुर(उद संवाददाता)। राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गदरपुर में किया गया। 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का मुख्य विषय स्वास्थ्य और कल्याण के लिए पारिस्थितिकी तंत्र को समझना था।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य प्रवक्ता जीव विज्ञान रा इ का सकैनिया सत्यपाल सिंह द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित करने के साथ किया गया। कार्यक्रम का संचालन रा बा इ का की प्रवक्ता नंदिनी शर्मा एवं प्रवक्ता माया भोज द्वारा संयुक्त रुप से किया गया।कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ. कुल 7 विद्यालय से 14 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया प्रतियोगिता में प्रथम निर्णायक एनसी जोशी प्रवक्ता भौतिक विज्ञान अ उ रा इ का गदरपुर, निधि जोशी सहायक अध्यापिका विज्ञान अ उ रा इ का दिनेशपुर,वीरेंद्र वर्मा सहायक अध्यापक रा उ प्रा वि शिवपुर रहे। ब्लॉक प्रस्तुतियों को सुना,उनकी प्रोजेक्ट रिपोर्ट देखकर उनसे प्रश्न पूछ कर उनकी सराहना करते हुए अपना निर्णय प्रदान किया। प्रतियोगिता के परिणाम में सीनियर ग्रुप 14 वर्ष से 17 वर्ष आयु वर्ग से तीन प्रोजेक्ट एवं जूनियर ग्रुप 10 से 14 वर्ष आयु वर्ग से तीन प्रोजेक्ट चयनित किए गए। चयनित कुल 6 प्रोजेक्टघ् अपने मार्गदर्शक शिक्षक के साथ जिला स्तरीय राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में प्रतिभाग करेंगे। प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में प्रथम अरुण कुमार रा उ प्रा वि शिवपुर,द्वितीय गुरजीत सिंह अ उ इ का दिनेशपुर एवं तृतीय प्राची गंगवार रा बा इ का गदरपुर तथा सीनियर वर्ग में प्रथम शमसुद्दीन रा उ मा वि फतेह गंज,द्वितीय आंचल रा इ का जयनगर एवं तृतीय रिंकी ढाली रा उ मा वि दिनेशपुर को स्मृति चिन्ह प्रदान करके सम्मानित किया गया। इस दौरान डॉ दीप्ति वर्मा, नीतू नेगी,कुसुम लता, उर्वशी गंगवार, रश्मि आर्या,नीरू जोशी, ललिता विष्ट, वंदना नरवाल,निशा टम्टा, अंजलि विनीता,मिनती रानी विश्वास,कमलेश रानी, नितेश शर्मा, कमल जोशी,रवि विश्वकर्मा,गणेश सिंह रावत, नरेंद्रसिंह, जयप्रकाश, कुलदीप सिंह आदि मौजूद रहे।



अतिथि खंड शिक्षाधिकारी गदरपुर भास्करानंद पांडे एवं विशिष्ट अतिथि राजकीय इंटर कालेज सकैनिया के प्रधानाचार्य सुरेश कुमार प्रजापति,ब्लॉक समन्वयक विज्ञान ब्लॉक गदरपुर जगदीश पंत,प्रवक्ता जीव विज्ञान अ उ रा इ का दिनेशपुर आशुतोष त्रिपाठी एवं किरण बाला पांडे द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत बैज अलंकरण कर किया गया। कॉलेज की कक्षा 12 की छात्रा कोमल,अनु, रमन और मुस्कान द्वारा मां सरस्वती वंदना तथा कक्षा 11 की छात्रा प्रिया एवं राधा द्वारा स्वागत गीत का सुंदर प्रस्तुति करण किया गया। कार्यक्रम में समन्वयक सुशील कुमार त्रिपाठी द्वारा संपूर्ण प्रतियोगिता की रुपरेखा छात्र छात्राओं के सम्मुख पेश की, तत्पश्चात नंदिनी शर्मा द्वारा छात्र छात्राओं के द्वारा बनाई गई परियोजना रिपोर्ट पर प्रस्तुति हेतु मंच निर्णायकों को सौंप दिया।समस्त निर्णायको द्वारा छात्र-छात्राओं की

## मक्कड़ को किया सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बिन्दुखेड़ा स्थित गुरुद्वारा संत बाबा मेहर सिंह में गुरु नानक जयंती के पावन पर्व पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा मोदी विकास मिशन राष्ट्रीय प्रवक्ता सरदार दिलीप सिंह मक्कड़ को सरोपा भेंट कर सम्मानित किया गया। उन्होंने संगत को गुरपूर्व गुरु नानक जयंती पर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी प्रधान सरदार प्रीतम सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य गुरबाज सिंह, सूबेदार जरनैल सिंह, गुरचरण सिंह, जोगिंदर सिंह, कुलवंत सिंह, जसवंत सिंह, बलविंदर सिंह, जहांगीर सिंह आदि भी मौजूद थे।



## चेयरमैन और सभासदों को दी विदाई

गूलरभोज(उद संवाददाता)। नगर पंचायत गूलरभोज में विदाई समारोह में मुख्य अतिथि भाजपा नेता अतुल पांडे समेत तमाम लोगों ने चेयरमैन और सभासदों को भावभीनी विदाई दी। चेयरपर्सन अनिता दुबे ने अपने 5 साल के कार्यों का उल्लेख किया और



फिर से एक बार मौका देने का आह्वान किया। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष तरुण दुबे, अधिशासी अधिकारी आशीष नेगी, डॉ कुलदीप रघुवंशी, संजीव भटेजा, भूपेंद्र आर्य, पूनम आर्य, गोविंद राजभर, उषा राजभर, नरेश कुमार, रमेश सागर, विजेंद्र यादव, इंदर सिंह राठौड़, शेषनारायण शुक्ला, बिट्टू यादव आदि उपस्थित थे।

## नेत्र चिकित्सा शिविर में 90 लोगों का हुआ चेकअप

गूलरभोज(उद संवाददाता)।प्रभु नेत्रालय रुद्रपुर द्वारा आंखों का निशुल्क जांच शिविर वार्ड नंबर 5 गांधी आश्रम मैदान गडार बस्ती गांधी आश्रम में लगाया गया। शिविर का शुभारम्भ मुख्य अतिथि भाजपा नेता अतुल पांडे ने फीता काटकर किया। कैंप में आंखों की दवाइयां निशुल्क दी गई। 90 लोगों की आंखों की जांच की गई। कैंप का आयोजन भाजपा नेता अतुल पांडे व भूपेंद्र आर्य के द्वारा किया गया। इस अवसर पर चेयरपर्सन अनीता दुबे, भाजपा नगर अध्यक्ष तरुण दुबे, व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉ कुलदीप रघुवंशी, भूपेंद्र आर्य, पूनम आर्य, गोविंद राजभर, गुरमेल सिंह, उदयभान राजभर, अमित कुमार गुप्ता, प्रतीक सुखीजा, शिवम, फहीम, सोनू, शानू, संजीव गुप्ता, संजय राणा, सुनील शर्मा आदि उपस्थित थे।



## आंगनबाड़ी केंद्र में आयोजित बच्चों की मिल्क पार्टी में शामिल हुए विधायक पाण्डे

गदरपुर(उद संवाददाता)। मकरंदपुर आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों की चल रही मिल्क पार्टी में विधायक अरविंद पांडे भी शामिल हुए। ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर बोलते हुए विधायक अरविंद पांडे ने कहा कि मकरंदपुर आंगनबाड़ी केंद्र की संचालिका कार्यकर्ती मनप्रीत कौर बच्चों को देश प्रेम से जोड़ने के साथ ही बेहतरीन शिक्षा प्रदान कर रही है। यहां शिक्षा का स्तर कान्वेंट स्कूल के बच्चों का है। यहां बेहतरीन शिक्षा आंगनबाड़ी कार्यकर्ती बच्चों को दे रही है और समाज सेवा के अनेक कार्य से भी जुड़ी है। मनप्रीत कौर के आग्रह पर हम लोग आज



बच्चों की मिल्क पार्टी में शामिल हुए हैं और बच्चों में अच्छा संदेश जाए।मनप्रीत कौर ने बताया कि वह अपनी आय का 10% बच्चों पर अतिरिक्त खर्च करती हैं।

## समता सत्संग सम्मेलन शुरू

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। समता योग आश्रम हल्द्वानी का विशाल समता सत्संग सम्मेलन विशाल सत्संग के साथ शुरू हुआ। सुबह के सत्संग के मुख्य वक्ता विकास सचदेवा ,अशोक सडाना ,प्रदीप कक्कड ,मदन लाल शर्मा ,मनोज मिश्रा ,लेखराज हान्डा ने ईश्वर प्राप्ति कैसे हो उसकी महिमा का वर्णन किया। दोपहर को स्त्री सत्संग हुआ जिसमें श्रीमती सरोज अरोडा,खुशी आसवानी,अर्चना गुलाटी,गीता सडाना,हेमलता



सडाना,चेष्ठा सडाना,सिमरन,सरिता नरूला,आरती आदि महिलाओ ने सत्संग,सेवा,सादगी परोपकार पर अपने अपने विचार व्यक्त किये। सम्मेलन में जगाधरी आश्रम मुख्यालय हरियाणा से पंजाब,उत्तर प्रदेश,देहली के विभिन्न शहरो से सैकड़ो श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कल सम्मेलन का दूसरा चरण प्रातःकाल दस बजे से दोपहर एक बजे होगा। दोपहर 1बजे से विशाल गुरू लंगर का आयोजन किया जायेगा। सम्मेलन के सफल आयोजन मे अशोक सडाना,विकास सचदेवा ,प्रदीप कक्कड, बाल किशन भुटानी,भोला लाम्बा,राजीव मल्होत्रा इन्द्र मोहन अरोडा आदि जुटे हैं।

## विधायक बेहड़ ने जनसंवाद में सुनी समस्याएं

किच्छा(उद संवाददाता)। क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ ने 4 गाँवों का दौरा किया व जन समस्याएं सुनी। बेहड़ ने ग्राम रामेश्वरपुर, लालपुर, महाराजपुर व मल्ली देवरिया पहुंचे तथा ग्राम के निवासियों से मुलाकात कर उनके कुशल क्षेम जानने के पश्चात उनकी समस्याओं को सुना तथा अधिकांश समस्याओं का निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही निर्देशित किया। इस दौरान लोगों ने राशन कार्ड, सड़क निर्माण,पेंशन लगाने हेतु, बिजली के खंभे लगाने,जल निकासी जैसी अनेक छोटी तथा बड़ी समस्याओं से अवगत कराया। विधायक बेहड़ ने सभी ग्रामीणों की समस्याओं को बड़े गंभीरता से सुना तथा तथा स्वीकृत किये गए विकास कार्यों से अवगत कराते हुए समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया। सभी ग्रामीणों ने अपने गांव पर पहुंचने पर विधायक तिलक राज बेहड़ का स्वागत किया तथा उनके द्वारा विधायक निधि से उनके गांव में कराए जाने विकास कार्यों के लिए आभार भी जताया। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गुड्डू तिवारी, राजेश प्रताप सिंह, नरेश खुराना,अशोक चुघ, नरेंद्र कामरा, बाबा संता सिंह अमर सिंह ,श्री राम शर्मा,अकील अहमद, किशन लाल हुड़िया अमित चुघ,परवीन चुघ,केवल सिंह,वीरेंद्र मेहता, शरीफ अहमद, रणजीत सिंह, डॉक्टर गिल,परवेज मालिक,परमिंदर सिंह पम्मी, चंदन पांडे, इमरान मालिक, विनोद ठुकराल, रवि चावला, नरेंद्र ग्रोवर, सतीश कालड़ा, राजकुमार चीलाना, शुभम पुजारा, डॉक्टर सलूजा,राजा भंडारी, सुनील बिष्ट,जुगल चराया, किशन सिंह धानक, मोहन पांडे संतोष अधिकारी,शेर सिंह बिष्ट,जीवन जोशी, आदि लोग उपस्थित रहे।





# मंच से उठकर महिलाओं की बात सुनने जमीन पर बैठ गए बहुगुणा



किच्छा(उद संवाददाता)। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा महिलाओं की समस्याओं को सुनने के लिए खुद उनके बीच जाकर जमीन पर बैठ गए। सरकार में कैबिनेट मंत्री स्तर के बड़े नेता को इस तरह अचानक महिलाओं के बीच जमीन पर बैठकर समस्याओं को सुनना देख वहां पर मौजूद हर कोई शख्स अधिकारी व कर्मचारी दंग रह गया। अपने दादा हेमंती नंदन बहुगुणा के आदर्श पर चलने की बात कहने वाले सौरभ बहुगुणा के सादगी भरे इस रूप को देखकर हर कोई मानो उनका दीवाना सा हो गया। हुआ यूं कि सरकार में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा अपने विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर थे किच्छा का गांव सूर्य नगर सौरभ बहुगुणा का विधानसभा क्षेत्र में आता है। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा धोरा जलाशय के नजदीक सूर्य नगर गांव में विकास कार्यों का लोकार्पण करने आए थे इससे पूर्व सौरभ बहुगुणा ने सूर्य नगर में एक मंच के माध्यम से ग्रामीण जनता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव देश में इतिहास लिखने जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लिए जो किया है। वह आज तक कभी कोई नहीं कर पाया। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों से विकास कार्यों को लेकर समीक्षा भी की। इस दौरान उन्होंने मंदिर के निर्माण को लेकर भी घोषणा की। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने जैसे ही अपना संबोधन खत्म किया तो वहां पर भारी तादाद में मौजूद महिलाएं अपनी-अपनी समस्याएं बताने लगी। भारी शोर शराबे के बीच जब कैबिनेट मंत्री सौरभ महिलाओं की समस्याओं को ठीक से ना सुन पाए तब वह स्वयं उठकर नीचे बैठी महिलाओं के साथ दरी पर बैठ गए और चारों ओर से महिलाओं ने उन्हें घेर लिया। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने जमीन पर बैठकर ही एक-एक करके हर महिला की बात को गंभीरता से सुना साथ ही मंत्री सौरभ बहुगुणा अधिकारियों को महिलाओं की समस्याओं को सुनने के बाद निस्तारित करने के आदेश भी देते रहे। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा के इस सादगी के रूप को देखकर वहां पर मौजूद हर कोई शख्स दंग रह गया।

## हॉटमिक्स मार्ग का विधायक ने किया शुभारम्भ



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा ने राज्य योजना से स्वीकृत अदित्यनाथ झा कॉलेज के सामने से प्रीत बिहार के मुख्य मार्ग गुरुनानक डिग्री कॉलेज से होते हुए ग्रेटर कैलाश तक 1.7 किलोमीटर हॉटमिक्स मार्ग के निर्माण का फीता काटकर शुभारंभ किया। इससे पहले विधायक शिव अरोरा के प्रीत बिहार शनि मंदिर कार्यक्रम स्थल पहुचने पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोगो द्वारा फूल मालाओं से क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा का स्वागत अभिनंदन किया। विधायक शिव अरोरा ने कहा इस रोड की मांग कई वर्षो से थी पूर्व के जनप्रतिनिधियों द्वारा इसके निर्माण करने की सुध नही ली और जनता इस मार्ग के निर्माण न होने से त्रस्त थी आये दिन घटाएँ होती रहती थी पता नही चलता था कि रोड में गड्ढे है कि गड्ढो में रोड। विधायक शिव अरोरा ने कहा उन्होंने 17 किलोमीटर रोड का निर्माण कार्य ग्रामीण क्षेत्र में करवाया है ओर अभी आवास विकास शिव शक्ति मन्दिर 2 किलोमीटर का निर्माण शुरू होने वाला है और प्रीत बिहार की एक ओर महत्वपूर्ण रोड जो मेन हाइवे से बारादरी उत्तर प्रदेश की सीमा तक इसका निर्माण कार्य भी जल्द शुरू करने जा रहे हैं, उन्होंने बताया कि महज 1. 5 वर्ष के कार्यकाल में हमने कई बड़े कार्यो को कराने की कवायद शुरू की है। विधायक शिव अरोरा बोले उनकी कार्यशैली काम को करने की है वरना पूर्व के जनप्रतिनिधि सिर्फ भाषण ओर कागजो में घोषणा करने में ही विश्वास करते थे ।इस दौरान पार्षद सुशील यादव, व्यापार मंडल जिला गुरमीत सिंह, किरन विर्क, योगेश वर्मा, सुनील यादव, डॉ महेश कोली, त्रिलोक कोली, मयंक कक्कड़, गरिश पाल, भीमसेन गुप्ता, डालचंद, अयोध्या प्रसाद, ह्रदय कुमार, नीलकांत, प्रसादी लाल कोली, प्रकाश भारद्वाज, संदीप पवार, अमित कौशिक, किशन यादव, के पी गंगवार, प्रेमपाल, हरीश परगाई, प्रदीप वर्मा, नंदन सिंह, शिवम त्रिपाठी, गजेंद्र गुप्ता, विपिन कोली व अन्य लोग मौजूद रहे।

## फरार गैंगस्टर समेत तीन गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। चार साल से फरार चल रहे गैंगस्टर एक्ट के वारंटी सहित तीवारंटियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार वकील पुत्र नवाब खां निवासी मोहल्ला काजीवाडा थाना शिकारपुर जिला बुलंदशहर उत्तर प्रदेश को मोहल्ला काजीवाड़ा से रूद्रपुर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया आरोपी चार साल से फरार चल रहा था। उस पर गैंगस्टर लगाई गयी थी। आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पकड़ने वाली टीम में सहायक उपनिरीक्षक दीपक चौहान, हैड कांस्टेबल आदेश कुमार, कांस्टेबल प्रवीन रावत आदि शामिल थे। इसके अलावा अलग अलग मामलों में वांछित चल रहे वारंटी विकास चावला पुत्र ओमप्रकाश चावला निवासी माडर्न कालोनी रूद्रपरु, कृष्णा लाल पुत्र हुक्म चंद निवासी आदर्श कॉलोनी रुद्रपुर को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।



## पेज एक का शेष...

**घर में चल रहे देहव्यापार...** तो अन्दर कोने में तीन महिलाएं व एक पुरुष बैठे मिले। पुरुष ने नाम गोवर्धन पुत्र यादराम निवासी शिमला बहादुर बताया। जबकि तीन युवतियों में से एक संजय नगर खेड़ा, दूसरी गड्ढा कालोनी और तीसरी किच्छा की है। कमरे की तलाशी लेने पर वहां आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गयी। तलाशी में मौके से 3500 रूपये की नगदी भी बरामद हुयी। पूछताछ में एक महिला ने बताया कि उसके मेरे पति की मृत्यु हो गयी है उसकी एक छोटी बेटी है और भाई गूंगा व बहरा है। उसे किसी ने देह व्यापार संचालिका से मिलाया था। पैसों के लालच में आकर वह गलत काम करने लगी। दूसरी महिला ने बताया कि उसके पति ने उसे छोड़ दिया है उसके दो बच्चे हैं पिंकी ने उसे अपने पास बुलाया और लालच देकर इस काम में लगा दिया। तीसरी महिला ने बताया कि वह मूल रूप से मध्य प्रदेश की रहने वाली है। उसकी पहचान आकाश से हुई थी उसके साथ वह यहां आ गयी थी लेकिन आकाश कुछ काम नही करता था किसी ने उसे उक्त महिला से मिलाया था, पैसों के लालच में आकर वह भी यह काम करने लगी। पकड़े गये आरोपी गोवर्धन ने बताया कि वह देह व्यापार संचालिका के यहां ड्राइवर का काम करता है और पिकप चलाता है। उसी के कहने पर वह और संजय दोनों कस्टमरों और महिलाओं को ढूंढकर लाते हैं। पुलिस टीम ने देह व्यापार संचालिका के साथ ही संजय और गोवर्धन को गरीब व बेसहारा महिलाओं को पैसो का लालच देकर उनकी मजबूरी का फायदा उठाकर उनसे अनैतिक व्यापार कराने के जुर्म में गिरफ्तार कर लिया। तीनों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में केस दर्ज किया गया है। जबकि तीनों युवतियों को पुलिस प्रभार में लेकर महिला उ0नि0 नेहा ध्यानी व म0का0 रेखा टम्टा की सुरक्षा में रखा गया। टीम में निरीक्षक बंसती आर्य के अलावा एसआई नेहा ध्यानी, हेड कांस्टेबल नवीन गिरी, कांस्टेबल रमेश चन्द्र, महिला का.रेखा टम्टा, हेका.भूपेन्द्र सिंह आदि शामिल थे।

**पच्चिस हजार का ईनामी...**पुलिस ने संयुक्त ऑपरेशन में थाना ट्रांजिट कैम्प से 25000 के ईनामी अपराधी दीपांकर शाह पुत्र शिबू शाह निवासी वार्ड नं0 फुलसुंगा, ट्रांजिट कैंप ऊधमसिंह नगर को छत्तीसगढ़ के थाना गांधीनगर जनपद सरगुजा से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार ईनामी थाना ट्रांजिट कैंप से से धारा 406 भा0द0वि0 के मुकदमें में वाँछित चल रहा था। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि उत्तराखण्ड एसटीएफ द्वारा पिछले कई दिनों से 25000 के ईनामी दीपांकर शाह पर काम किया जा रहा था । टीम को उसके छत्तीसगढ़ राज्य में होने की सूचना मिली जिस पर ट्रॉंजिट कैम्प की पुलिस को साथ लेकर उसके ठिकाने पर दबिश देकर गिरफ्तारी की गयी। आरोपी फरवरी 2022 से फरार चल रहा था और अपने पूरे परिवार के साथ छत्तीसगढ़ में बस गया था। यह उत्तराखण्ड एसटीएफ द्वारा चलाये गये दूरस्थ अभियानों में से एक था जिसमें टीम द्वारा करीब 1200 किमी0 दूर जाकर कार्यवाही की गयी है। एसएसपी मंजूनाथ टीसी द्वारा ने बताया कि ईनामी दीपांकर की गिरफ्तारी संयुक्त ऑपरेशन में छत्तीसगढ़ के गांधीनगर थाना क्षेत्र से की गयी है। इस अपराधी के अपराध कारित करने के उपरान्त यहाँ से स्थायी रुप से परिवार सहित फरार हो गया था। जिसके ऊपर 25000 का ईनाम घोषित किया गया था। पुलिस टीम में एसटीएफ के निरीक्षक एम0पी0 सिंह,उपनिरीक्षक केजी मठपाल,बृजभूषण गुरुरानी, हेड कांस्टेबल संजय कुमार, सर्विलांस कर्मी किशन चन्द्र, हेड कांस्टेबल सुरेन्द्र सिंह कनवाल, थानाध्यक्ष ट्रांजिट कैम्प ,बिजेन्द्र शाह, उपनिरीक्षक ललित चौधरी, कांस्टेबल तारा दत्त पन्त आदि शामिल रहे।

**लाखों की स्मैक...**करने जा रहे हैं। थाना अध्यक्ष देवेंद्र गौरव ने पुलिस टीम के साथ नाकाबंदी की सिसई खेड़ा से खैरना जाने मार्ग पर दो युवक आते दिखाई दिए और पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगे। थाना अध्यक्ष देवेंद्र गौरव पुलिस टीम ने युवकों के पीछे दौड़ पड़े और कुछ ही दूरी पर घेराबंदी कर धर दबोचा लिया। तलाशी लेने पर ग्राम सिसईखेड़ा धुसरी निवासी 25 वर्षीय गुरुचरन सिंह उर्फ चन्नू पुत्र बलबीर सिंह के कब्जे से 15 ग्राम स्मैक बरामद की गई। ग्राम देवकली निवासी 24 वर्षीय साहेब सिंह उर्फ सेबू पुत्र आत्मा सिंह के कब्जे से 10 ग्राम स्मैक में बरामद की गई। पुलिस ने स्मैक तस्करों से 6800 रूपए की नगदी भी बरामद की। पकड़ी गई स्मैक की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में लाखों रुपए कीमती बताई गई है। पुलिस ने तस्करों के खिलाफ 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया जहां उन्हें जेल भेज दिया। थाना अध्यक्ष देवेंद्र गौरव ने बताया कि नशे के कारोबार को रोकने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। नशा तस्करों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की बड़ी कार्रवाई को देखते हुए मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले कारोबारियों में हड़कंप मच गया। पुलिस का अभियान आगे भी जारी रहेगा। पकड़ने वाली टीम में थाना अध्यक्ष देवेंद्र गौरव, उप निरीक्षक विजेंद्र कुमार, उप निरीक्षक संजय कुमार, उप निरीक्षक प्रशिक्षू सचेंद्र यादव, अपर उप निरीक्षक रविंद्र कुमार, कांस्टेबल अमित देवरानी, विक्रम सिंह, आदि पुलिस कर्मी मौजूद थे।

**चौकीदार को ...**नौकरी करता था और यही ईंट भट्ठे पर बने सर्वेंट क्वार्टर में रहा करता था। बताते हैं कि गुरुवार को रात्रि के तीसरे प्रहर लगभग ढाई बजे अचानक चौकीदार लापता हो गया। जिसका तमाम खोजबीन के बाद भी कोई पता नहीं चला। शुक्रवार की शाम लगभग 4बजे भट्ठा परिसर में क्षत-विक्षत अवस्था में तीन टुकड़ों में कटा हुआ चौकीदार का शव बरामद हुआ। मौके से एक फावड़ा भी मिला है। पुलिस को जैसे ही मामले की का पता चला वह तत्काल मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पीएम हाउस भेजते हुए शक के आधार पर अंगदपुर जयपुर निवासी एक युवक को हिरासत में ले लिया। सूत्रों की माने तो पुलिस की गिरफ्त में आए युवक ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। मृतक के तीन पुत्र एक पुत्री है। उसकी एक पुत्री तथा एक पुत्र की शादी हो चुकी है। सनसनीखेज हत्याकांड को लेकर क्षेत्र में लोगों के बीच दहशत का माहौल है।

**धारा १४४ का ..** इसके बाजवूद यहां पर भाजपा का सम्मेलन चल रहा है। भाजपा नेताओं के स्वागत में ढोल नगाड़े बजाए जा रहे हैं, जिससे परीक्षा में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है। प्राचार्य का कहना है सम्मेलन की अनुमति कॉलेज द्वारा दी गई है, ढोल नगाड़े बजने की मनाही है। छात्रों के विरोध के चलते कॉलेज प्रशासन ने पुलिस को भी सूचना दे दी, जिसके बाद मौके पर पुलिस टीम पहुंच गई। लेकिन पुलिस भी सम्मेलन को रोकने की हिम्मत नहीं जुटा पाई। आसपास लोगों को चर्चा करते देखा गया कि भाजपा द्वारा नियमों को ताक पर रखकर कॉलेज परिसर के अंदर पढ़ने वाले छात्र छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है ।धारा 144 लागू होने के बावजूद इतना बड़ा कार्यक्रम नियमों की अनदेखी करते हुए किया जा रहा है।

**झांसे में लेकर ..** को बताया कि उसके माता-पिता शादी के खिलाफ है। वह गर्जिया मंदिर आ जाए। दोनों वही शादी कर लेंगे। युवती जब गर्जिया मंदिर पहुंची तो आरोपी वहां नहीं मिला। संपर्क करने पर उसने युवती को बहाने से अन्यत्र बुलाया और एक बार फिर से उसकी अस्मत से खिलवाड़ किया। बीते 23 फरवरी को पीड़िता को पता चला कि आरोपी अंकित किसी और लड़की से शादी करने वाला है। उसने तत्काल अंकित को फोन कर जब शादी की बात की तो अंकित ने मुंह खोलने की एवज में जान से मारने की धमकी दे डाली। इस मामले में पुलिस ने कोर्ट के निर्देश पर आरोपी युवक तथा उसके माता-पिता के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

## साधू से मारपीट ,हिंदु वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने किया हंगामा



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। टांडा वन क्षेत्र में स्थित प्राचीन नादिया खत्ता मंदिर में रह रहे साधू के साथ वन कर्मियों द्वारा मारपीट किये जाने का मामला सामने आया है। साधू का आरोप है कि वन कर्मियों ने उसके साथ मारपीट करने के साथ ही झोपड़ी भी क्षतिग्रस्त कर दी और सामान भी लूट लिया। मामले को लेकर हिंदू वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने प्रभागीय वन अधिकारी के कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया और मारपीट करने वाले कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। बता दें टांडा जंगल क्षेत्र में प्राचीन नादिया धाम मंदिर स्थित हैं। यहां पर महंत मंगल भारती पिछले कई वर्षों सें मंदिर को संचालित कर रहे हैं। मंगल भारती का आरोप है कि 30 नवम्बर की रात को वन विभगा के कुछ कर्मी शराब के नशे में उनके पास पहुंचे और उन्होंने अभद्रता गाली गलौच करते हुए उनका थैला छीन लिया जिसमें कुछ पैसे भी थे। वनकर्मियों ने उनकी झोपड़ी भी क्षतिग्रस्त की। आपत्ति जताने पर हाथापाई भी की गयी और सुबह तक मंदिर खाली करने की धमकी दी। मामले की जानकारी मिलने पर आज हिंदू वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने पीड़ित के साथ प्रभागीय वन अधिकारी कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया और मारपीट करने वाले वन कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। हिंदू वाहिनी के पदाधिकारियों का कहना था कि वन कर्मियों ने मंदिर में रह रहे साधू के साथ अभद्रता कर हिंदू समाज की भावनाओं का अनादर किया है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। प्रदर्शन करने वालों में हिंदू वाहिनी के जिलाध्यक्ष भुवन सिंह बिष्ट, हिंदू युवा वाहिनी नगर अध्यक्ष अनमोल शर्मा, हिंदू युवा वाहिनी के कुमांऊ मण्डल अध्यक्ष नवीन भट्ट, हंस पाण्डे, अजय सिंह, छेदा सिंह, पारस भंडारी, भगत सिंह धामी, गोविंद सिंह, अजय सिंह, दीपक यादव आदि समेत कई लोग मौजूद थे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# मेयर ने किया विकास कार्यों का सामूहिक शिलान्यास





रूद्रपुर(उद संवाददाता)। कार्यकाल पूरा होने से एक दिन पूर्व मेयर रामपाल सिंह ने नगर निगम में 127 विकास कार्यो का सामूहिक शिलान्यास किया। 18करोड़ की लागत से होने वाले ये विकास कार्य सभी वार्डों में प्रस्तावित है। इस अवसर पर मेयर रामपाल और निगम के सभी पार्षदों का स्वागत कर उन्हें सम्मानित किया गया। शुक्रवार को नगर निगम में आयोजित कार्यक्रम में मेयर रामपाल ने 18 करोड़ की लागत के 127 विकास कार्यों का सामूहिक रूप से शिलान्यास किया। इन निर्माण कार्यो में प्रमुख रूप से विभिन्न वार्डों की सड़के, नालियां सामुदायिक भवन आदि विकास कार्य शामिल हैं। इस अवसर पर मेयर और पार्षदों का फूल मालाओं से अभिनंदन करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मेयर रामपाल सिंह ने पांच वर्ष के कार्यकाल में सहयोग के लिए सभी पार्षदों, निगम कर्मचारियों और शहरवासियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जनता ने उन्हें सेवा का मौका दिया इसके लिए वह सभी का आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने जनता से जो वायदे किये थे उनमें से लगभग सभी वायदे पूरे हो चुके हैं। सबसे बड़ी उपलब्धि नजूल भूमि पर मालिकाना हक की हैं। गरीब परिवारों को नजूल भूमि पर मालिकाना हक की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। जल्द ही शहर की सभी बस्तियों में फ्रीहोल्ड प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। इसके अलावा सीबीजी प्लाट भी शहर के लिए बड़ी उपलब्धि है। ट्रांजिट कैंप की मुख्य सड़क सहित बस्तियों की सड़कों एवं कूड़े का निस्तारण शहर की बड़ी समस्या थी। जिसके लिए अब हाईटैक प्लांट लगाया गया है जहां कूड़े का निस्तारण कर सीएनजी गैस तैयार की जा रही है। इससे जहां कूड़े का निस्तारण होगा वहीं नगर निगम को आर्थिक लाभ भी मिलेगा। मेयर ने कहा कि उन्होंने दलगत भावना से उपर उठकर काम करने की कोशिश की हैं। पूरे पांच साल सभी वार्डों में प्राथमिकता से विकास कार्य कराये गये हैं। जो कार्य रह गये थे उनका भी आज शिलान्यास हो चुका है जल्द ही ये विकास कार्य धरातल पर पूरे किये जायेंगे। मेयर ने कहा कि उन्होंने जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करते हुए रूद्रपुर शहर के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी आगे भी मौका मिला तो वह शहर के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। कार्यक्रम में पहुंचे वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी एवं उपस्थित पार्षदों ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष उत्तम दत्ता तरुण दत्ता भारत भूषण चौक राकेश सिंह परवेज खान विकास शर्मा रश्मि रस्तोगी श्वेता मिश्रा फरजाना बेगम प्रभास स्वर्णकार विधान राय निमित्त शर्मा राधेश्याम प्रीति सन प्रमोद शर्मा अंबर सिंह विनय विश्वास भवन गुप्ता कैलाश राठौर दिनेश गुप्ता धर्म सिंह कोली किरण लता राठौड़ अनीता बरेठा परवेज कुरैशी अबरार अहमद सायरा बानो सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।




## सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

सितारगंज(उद संवाददाता)।ग्राम पंचायत अरविन्दनगर में लाभार्थीपरक योजनाओं के संतृप्तीकरण हेतु लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध रूप से पहुँचाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा उपस्थित रहे तथा 165 अधिकारीगण / व्यक्तियों / लाभार्थियों (63 परुष एवं 105 महिलाओं) को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलायी गयी। उक्त आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, मत्स्य विभाग, उद्यान विभाग, गन्ना विकास विभाग, नलकूप विभाग, खाद्य विभाग, पेयजल विभाग, समाज कल्याण विभाग, कृषि विभाग, बाल विकास विभाग, द्वारा स्टॉल लगाई गयी। उक्तानुसार आयोजित कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों द्वारा उपस्थित लाभार्थियों को प्प्ब प्रचार वाहन की स्प्क के माध्यम से विभागीय अधिकारियों द्वारा समस्त विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे–आत्मा योजना, के.सी.सी. और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्राकृतिक कृषि एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड, पी.एम.के.एस.वाई. योजना, पी.एम. उज्जवला योजना इत्यादि योजनाओं से सम्बन्धित जानकारी प्रदान की गयी तथा योजनाओं का व्यापक प्रचार–प्रसार किया गया एवं मौके पर लाभार्थियों को सम्बन्धित विभागों द्वारा राजसहायता पर निवेशों / सामग्रियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत अरविन्दनगर में पशुपालन विभाग द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड तथा पशुधन योजना के विषय में जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में इच्छुक लाभार्थियों के उज्जवला योजना के कार्ड भी बनाये गये। कार्यक्रम के दौरान हेल्थ कैम्प में 50 लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। कार्यक्रम में कृषि में ड्रोन द्वारा नैनो स्प्रे तकनीकी का प्रदर्शन भी किया गया। कार्यक्रम में श्री कमल जिन्दल जिला अध्यक्ष भाजपा, श्री उदय राणा जी, जिला पंचायत सदस्य बहुलिया क्षेत्र, श्री मयंक अग्रवाल जिला महामंत्री भाजपा, श्री मनोज घरामी क्षे०पं० सदस्य, श्री मनोज सरकार मण्डल महामंत्री भाजपा, जनपदस्तरीय नोडल अधिकारी श्री गिरिश कुमार, जिला क्रीड़ा अधिकारी, ऊधमसिंहनगर, श्री मरगूब अहमद ग्राम पंचायतवार नोडल अधिकारी श्रीमती प्रभाती बसु ग्राम प्रधान एवं अन्य जनप्रतिनिधि इत्यादि उपस्थित रहे।



## मेयर रौतेला और पार्षदों का किया स्वागत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नगर निगम हल्द्वानी–काठगोदाम में मेयर का कार्यकाल खत्म हो गया है। बतौर मेयर डा. जोगेंद्र रौतेला के कार्यकाल का शुक्रवार को अंतिम दिन रहा। उनके साथ–साथ नगर निगम के कर्मचारियों और पार्षदों के लिए भी बेहद भावुक पल रहा। कार्यकाल के अंतिम दिन निगम कार्यालय में पार्षदों और कर्मचारियों ने मेयर डा. जोगेन्द्र रौतेला का फूल मालाओं के साथ उनका जोरदार स्वागत कर उनके कार्यकाल कि सराहना की। बताते चलें की डॉ. जोगिंदर रौतेला नगर निगम बनने के बाद से लगातार दो बार मेयर रहे है। भाजपा संगठन व व्यापार मंडल से भी अनेकों लोगों ने मेयर डॉ. जोगिंदर रौतेला व पार्षदों को उनके सफल कार्यकाल की बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की। डा. रौतेला का कार्यकाल शहर के विकास के हिसाब से काफी अहम रहा। केंद्र व राज्य सरकार की कई बड़ी योजनाओं को मूर्त रूप मिला। वहीं अब तीसरी बार मेयर पद पर दावेदारी के सवाल पर डा. रौतेला ने मजबूती से दावेदारी पेश करते हुए कहा कि वे एक राजनीतिक व्यक्ति हैं और हमेशा सेवा की इच्छा है। इस अवसर पर कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत, नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय, पार्षद नरेंद्रजीत सिंह रोडू, मनोज जोशी, मनोज मठपाल, शाकिर हुसैन, मनोज गुप्ता, जाकिर हुसैन, राधा आर्य, नीमा भट्ट, जेबा वारसी, रूमी वारसी, कुबरा बेगम, शकील अंसारी, महबूब आलम, रवि वाल्मीकि, रईस अहमद, वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. मनोज कांडपाल व नॉमिनेट पार्षद सहित कई निगम के कर्मचारी मौजूद रहे।



## जनकल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विकासखण्ड रुद्रपुर की ग्राम पंचायत खमिया नं0 4 में लाभार्थीपरक योजनाओं के संतृप्तीकरण हेतु लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध रूप से पहुँचाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित 104 अधिकारीगण / व्यक्तियों / लाभार्थियों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलायी गयी। उक्त आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, मत्स्य विभाग, उद्यान विभाग, गन्ना विकास विभाग, नलकूप विभाग, खाद्य विभाग, पेयजल विभाग, समाज कल्याण विभाग, कृषि विभाग, बाल विकास विभाग, द्वारा स्टॉल लगाई गयी। अधिकारियों द्वारा उपस्थित लाभार्थियों को प्रचार वाहन के माध्यम से विभागीय अधिकारियों द्वारा समस्त विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं योजनाओं से सम्बन्धित जानकारी प्रदान की गयी तथा योजनाओं का व्यापक प्रचार–प्रसार किया गया एवं मौके पर लाभार्थियो को सम्बन्धित विभागों द्वारा राजसहायता पर निवेशों / सामग्रियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामपंचायत खमिया नं0 4 में कृषि विभाग द्वारा किसान विभागीय योजना के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में 3 लाभार्थियों द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी का अनुभव सांझा किया गया ताकि अन्य ग्रामीण प्रेरित हो सकें। कार्यक्रम के दौरान हेल्थ कैम्प में 15 लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। कार्यक्रम में कृषि में ड्रोन द्वारा नैनो स्प्रे तकनीकी का प्रदर्शन किया । कार्यक्रम में जनपदस्तरीय नोडल अधिकारी डॉ.एस.बी. पाण्डे मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, ऊधमसिंह नगर, श्री सोनू भण्डारी, मत्स्य निरीक्षक ग्राम पंचायतवार नोडल अधिकारी, श्री राहुल तिवारी ग्राम प्रधान एवं अन्य जनप्रतिनिधि इत्यादि उपस्थित रहे।



## सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया वार्षिकोत्सव

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पैरामाउंट एजुकेशनल एकेडमी के 13वें वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में काशीपुर भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विशेष अतिथि के रूप में सैन्य परिषद उत्तराखंड के सदस्य एवं समन्वयक खड़क सिंह कार्की, रिटायर्ड डीएसपी के बी पाण्डेय, रिटायर्ड बैंक मैनेजर जीसी जोशी, रिटायर्ड सीओ हरीश उपाध्याय, पैरामाउंट एजुकेशनल एकेडमी एवं सोशल वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष आनंद सिंह धामी, संरक्षक लक्ष्मी चंद पंत, जनार्दन पांडे व विक्रम सिंह कार्की ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई । गणेश वंदना से शुरू हुए कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने पहाड़ी, राजस्थानी, पंजाबी, गुजराती, बंगाली, फैंसी ड्रेस, प्ले, देशभक्ति आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी। कार्यक्रम को देखने के लिए आये अभिभावकों ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम में पैरामाउंट एजुकेशनल एकेडमी एवं सोशल वेलफेयर सोसाइटी की उपाध्यक्षा श्रीमती भावना धामी, कोषाध्यक्षा श्रीमती चंद्रा धामी, सचिव रविंद्र सिंह धामी, पूर्व उपाध्यक्षा श्रीमती वंदना धामी, विद्यालय प्रबंधक श्रीमती सुनीता धामी, प्रधानाचार्या कु. हुमा परवीन और कु. शालिनी रानी, अमिता बिष्ट, कमला पांडे, मंजू चंतोला, बीना , हिमांशी, प्रीति, कोमल, सोनी, तनु , दुर्गा, मंजू जोशी, दीना, नेहा, विजय , शांति, मंजू व दुर्गेश आदि उपस्थित थे।

